CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मेरठ, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 254 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफः खड़गे पेज 2



ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन सम्पादकीय



इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम पेज 12

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 114 राफेल लड़ाकू विमान


**दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई**

**रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को दी गई मंजूरी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगले सप्ताह की भारत यात्रा से पहले सरकार ने वायुसेना के लिए फ्रांस से अतिरिक्त बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल की दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी-8 आई टोही विमानों, मिसाइलों तथा स्यूडो सैटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गई है। इन खरीद सौदों के पूरा होने से सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी तथा मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले महीने ही करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। अभी वायुसेना के पास 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों (वैभव) और टी-72 टैंकों तथा इंफेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। राफेल विमान की खरीद से संबंधित प्रस्ताव को अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में भी मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस सौदे में वायुसेना को 18 विमान पूरी तरह तैयार मिलेंगे, जबकि शेष 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे और इनमें से कुछ विमान दो सीटों वाले भी होंगे जिनका इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण में किया जाएगा। फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाया जाने वाला राफेल एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है, जो हवा से हवा और हवा से जमीनी हमलों के साथ-साथ निगरानी मिशन चलाने तथा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस विमान को अत्याधुनिक मिसाइलों मेटियोर तथा स्कैल्प क्रूज से लैस रहता है।



## तटरक्षक बल को 2312 करोड़ रुपये की लागत से मिलेंगे आठ डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहॉल तंत्र बनाने में भी मदद मिलेगी। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है तथा भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को भी मजबूत बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी में 2.75 प्रतिशत रही महंगाई दर

**नई दिल्ली।** सरकार ने नई सीरीज (आधार वर्ष 2024) के तहत खुदरा महंगाई का पहला आंकड़ा गुरुवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार, जनवरी 2026 में महंगाई दर 2.75 प्रतिशत दर्ज की गई। नई सीरीज में जनवरी 2025 से अब तक के उपलब्ध महंगाई के आंकड़ों में जनवरी 2026 की महंगाई दर सबसे अधिक है। इसके आधार पर पिछले साल जनवरी में खुदरा महंगाई 1.67 प्रतिशत और दिसम्बर 2025 में 0.08 प्रतिशत रही थी। इस साल जनवरी में खाद्य महंगाई दर 2.13 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 2.73 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 2.77 प्रतिशत रही। इसमें खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर 2.11 प्रतिशत, कपड़ों तथा जूते-चप्पलों की 2.98 प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवाओं की 2.19 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन

**नई दिल्ली।** मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। सुश्री माहेश्वरी दूरदर्शन के साथ अपने लंबे जुड़ाव के लिए जानी जाती हैं। कई दशकों तक दूरदर्शन पर अपनी शांत, गंभीर आवाज और संतुलित समाचार प्रस्तुति के कारण उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। परिवार के सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। हिंदी में पीएचडी करने के बाद 1976 में समाचार प्रस्तोता के रूप में वह दूरदर्शन से जुड़ीं और दो साल की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, वह हमेशा राष्ट्रीय प्रसारक के साथ जुड़ी रहीं।

### 30 करोड़ श्रमिकों की हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

**नई दिल्ली।** सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठनों के भारत बंद का गुरुवार को देशभर में मिला-जुला असर दिखा। इसका सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बता दें कि मजदूर संगठनों ने सरकार पर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए भारत बंद का ऐलान किया था। इसमें 30 करोड़ मजदूरों के शामिल होने का दावा किया गया था। फाइट फॉर राइट के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर उमंग बंसल ने कहा कि यह पूरी ही राजनीतिक से प्रेरित हड़ताल है और इसका असर देश में नहीं पड़ने वाला है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में हुआ सुधार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के चलने से गुरुवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दर्ज किया गया। समीर एप के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह नौ बजे राजधानी का एक्यूआई 194 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। यह बुधवार के 305 (खराब) के स्तर से काफी बेहतर है।

# 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## शीर्ष अदालत ने कहाः समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते



**पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी फिल्म रिलीज होगी, बेंच ने 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना व प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म घूसखोर पंडित के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं।

मनोज बाजपेई स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधरित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थाओं ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेई के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेराय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं आएगा

## निशिकांत दुबे ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का दिया नोटिस

- **कहा: वे गुमराह कर रहे**
- **संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, चार फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल गांधी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए। हालांकि, बीजेपी उनके (राहुल) भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है।

### मजदूर-किसान की लड़ाई में मजबूती से खड़ा रहूंगा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार की नीतियों के कारण देश के मजदूर और किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर हैं और वह इस संघर्ष में मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का मेहनतकश वर्ग अपने साथ हो रहे अन्याय से दुखी है और यही वजह है कि आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक की आवाज़ बुलंद करने सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। इसी तरह किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है।

# यूपी पंचायत चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

- **सरकार ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा।

जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।

# मुजफ्फरनगरः मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

- **दो पुलिसकर्मी भी घायल, मारे गए बदमाश पर 40 जघन्य केस थे दर्ज**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड पर बुधवार देर रात पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमजद को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मारे गए बदमाश पर लूट, हत्या, डकैती समेत करीब 40 जघन्य मुकदमे दर्ज थे और वह अंतरराज्यीय गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रामीण इलाके के जंगल के समीप कुछ बदमाश हैं, जो लूट सहित कई मामलों में वांछित चल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बुढ़ाना, थाना तितावी एवं थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन खुद को घिरा देख, उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ फायरिंग में बदमाशों की गोलियां एसपी देहात आदित्य बंसल की गाड़ी पर लगीं। वहीं कई गोलियां पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगीं। इस दौरान दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारतीय नौसेना ने पहली बार सीटीएफ की कमान संभाली

- **सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय संयुक्त टास्क फोर्स (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ के मुख्यालय में एक समारोह में भारतीय नौसेना ने बुधवार को टास्क फोर्स की कमान संभाली। समारोह की अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट ए. रेनशॉ ने की।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल तरुण सोबती तथा अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद एम. मोकाशी, शौर्य चक्र, ने इतालवी नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ 154 की कमान औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह क्षेत्र में भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, संचालन अनुभव और 47 सदस्य देशों के बीच एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में उसकी भूमिका पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सीटीएफ 154 की स्थापना मई 2023 में की गई थी और इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया और आगे के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच मुख्य स्तंभों समुद्री क्षेत्र जागरूकता, समुद्री कानून , समुद्री अवरोधन अभियान, समुद्री बचाव और सहायता, तथा नेतृत्व विकास पर आधारित है। यह टास्क फोर्स नियमित समुद्री सुरक्षा उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कम्पास रोज और नॉर्दर्न/सदर्न रेडीनेस जैसे अभ्यास, तथा साझेदार देशों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और अनियमित प्रवासन जैसे साझा खतरों का मुकाबला किया जा सके। सीटीएफ 154 का संचालन सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स- सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (समुद्री डकैती निरोध), सीटीएफ 152 (अरब खाड़ी में समुद्री सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में समुद्री सुरक्षा)-के साथ किया जाता है।

# वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमलाः मदनी

- **जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख ने कहा: ये मनमाना और एकतरफा**
- **वंदे मातरम के सभी छंद गाने के विरोध में संगठन**
- **पंजाब में भी फैसले का विरोध, दल खालसा ने सिख पहचान के खिलाफ बताया, हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास**



**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं।

ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। मदनी ने कहा कि एक मुसलमान सिर्फ एक अल्लाह की इबादत करता है, इसलिए उसे यह गाना गाने के लिए मजबूर करना संविधान के आर्टिकल 25 और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का साफ उल्लंघन है। इस गाने को जरूरी बनाना और इसे नागरिकों पर थोपने की कोशिश देशभक्ति का इजहार नहीं है, बल्कि यह चुनावी राजनीति, एक सांप्रदायिक एजेंडा और बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। देश के लिए प्यार का असली पैमाना नारों में नहीं, बल्कि किरदार और कुर्बानी में है। इसकी शानदार मिसालें मुसलमानों और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के ऐतिहासिक संघर्ष में खास तौर पर देखी जा सकती हैं। ऐसे फैसले देश की शांति, एकता और डेमोक्रेटिक मूल्यों को कमजोर करते हैं और संविधान की भावना को कमजोर करते हैं। वंदे मातरम को जरूरी बनाना संविधान, धार्मिक आजादी और डेमोक्रेटिक उसूलों पर साफ हमला है। वंदे मातरम अनिवार्य -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### महिला डाक्टर से अभद्र व्यवहार पर एडिशनल प्रोफेसर निलंबित

**लखनऊ।** लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में एक बार फिर महिला रेजिडेंट डाक्टर से कथित अभद्रता का मामला सामने आया है। बाल रोग विभाग के एक एडिशनल प्रोफेसर पर जूनियर रेजिडेंट डाक्टर ने अनुचित व्यवहार और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चिकित्सक को निलंबित कर दिया है। इस बाबत पीड़िता ने परिजनों के साथ संस्थान प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद 11 फरवरी को कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर सात सदस्ईय आंतरिक शिकायत समिति (विशाखा कमेटी) का गठन किया गया। समिति ने पीड़िता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्र-जागरण के अग्रदूत: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चितक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम ज्ञान और उच्च गुणों से संपन्न स्वामी दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन समाज-उत्थान, राष्ट्र-जागरण और मानव-कल्याण के पावन कार्यों को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को कुरीतियों से मुक्त करने, वेदों की ओर लौटने और आत्मगौरव की भावना जगाने का आह्वान किया।

# चारु गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ सम्मान के साथ एक हजार डॉलर भी मिलेंगे

दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर चारु गुप्ता को प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ उन्हें एक हजार डॉलर (करीब 91 हजार रुपए) भी मिलेंगे।

प्रोफेसर गुप्ता को यह पुरस्कार उनकी नई पुस्तक 'हिंदी हिदू हिस्ट्रीज: कॉस्ट, आयुर्वेद, ट्रेवल एंड कम्युनिज्म इन अर्ली ट्वेटिन्थ सेंचुरी इंडिया' के लिए 'एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज (एएएस) ने दिया है। आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार दक्षिण एशिया पर विशिष्ट और मौलिक विद्वतापूर्ण कार्यों के लिए दिया जाता है। कला इतिहासकार और सांस्कृतिक चितक आनंद के कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह पुरस्कार उन पुस्तकों को दिया जाता है, जो दक्षिण एशिया के इतिहास, संस्कृति और समाज के अध्ययन में महत्वपूर्ण और स्थाई योगदान देता हैं। इसे दक्षिण एशियाई अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मान्यता है। यह पुस्तक 20वीं सदी की शुरुआत में उत्तर भारत की उत्तर भारत में आत्मकथाओं और 'प्रिट' संस्कृति के जरिए हिदू जीवन के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करती है। इसमें जाति, आयुर्वेद, यात्रा वृत्तांत और साम्यवाद का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। यह दिखाती है कि उस परिवर्तनकारी दौर में जाति, लिग, राष्ट्र और हिंदू पहचान को लेकर विभिन्न लोकभाषाई दृष्टियां किस तरह से उभर रही थीं। चारु की अन्य चर्चित पुस्तकों में सेक्सुअलिटी, ऑब्सिनिटी, कम्युनिटी एंड द जेंडर ऑफ कॉस्ट तथा 'जाति और लिग: दलित, सवर्ण और हिदी प्रिट संस्कृति हैं। एएएस इस वर्ष की पुरस्कार प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई।

# विधान परिषद में गूंजा शहरों में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए विपक्ष ने सरकार से कार्रवाई की मांग उठाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 110 के अंतर्गत शहरों में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

सभापति ने विषय को गंभीर मानते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देशों के साथ सरकार को भेज दिया। सदन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में तेजी से शहरी विकास हो रहा है और स्वच्छता रैंकिग में भी कई जनपदों ने स्थान बनाया है। हालांकि बढ़ते शहरीकरण के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल होती जा रही है, जिससे शहरों में जाम की स्थिति आम हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मॉडल वेंडिग जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं और कुछ स्थानों पर काम भी हुआ है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए स्थानीय निकायों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ सहित अधिकांश नगर निगमों के प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। राजधानी लखनऊ में भी विभूति खंड क्षेत्र को छोड़कर अन्य इलाकों में स्थिति चिंताजनक बताई गई। प्रदेश में नगर निगम अधिनियम के तहत गठित टाउन वेंडिग कमेटी (टीवीसी) की नियमित बैठकें नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बताया गया कि लखनऊ नगर निगम में लगभग दस महीनों से टीवीसी की बैठक नहीं हुई है, जबकि नियमों के अनुसार हर माह बैठक होना अनिवार्य है। इस समिति में पार्षदों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, बड़े प्रतिष्ठानों, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, आवास विकास और डूडा के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सदन में मांग की गई कि टाउन वेंडिग कमेटियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं, ताकि शहरों को अतिक्रमण से मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

## उप्र विधानसभा में अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत मुद्दा उठाया

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सपा विधायक ने कहा-एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव

■ सपा सदस्य सचिन यादव ने विधानसभा में उठाया ट्रांसजेंडर समुदाय का मुद्दा, मंत्री ने दी सफाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शून्य प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत यह मुद्दा उठाया और सरकार से संज्ञान लेने की मांग की।

अतुल प्रधान ने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक एजेंसी के कुछ लोग उनके पास आए थे और दावा किया था कि वे उनके बिना मौजूद हुए ही उनकी आवाज और चेहरे का हूबहू इस्तेमाल कर जनता तक उनका भाषण पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी आवाज और चेहरा सकारात्मक संदर्भ में प्रसारित किए जा सकते हैं, तो उनका गलत इस्तेमाल भी संभव है। इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि एआई का प्रभाव विशेष रूप से राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों पर अधिक पड़ सकता है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया और शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने एआई को लेकर कानून बनाया है। इस विषय पर विधि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले प्रदेश सरकार के आईटी मंत्री सुनील शर्मा ने भी सरकार का पक्ष सदन में रखा। सदन में हुई इस चर्चा ने एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं राज्य विस में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव द्वारा ट्रांसजेंडर पर उठाए गए प्रश्न के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह सदन का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जब सबसे पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले समुदाय की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हो रही है।

### सपा विधायक रागिनी के सवालों पर सदन में गरमाया माहौल, मंत्री के जवाब पर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' से निवेश और डिफेंस कॉरिडोर को लेकर तीखे सवाल पूछे। रागिनी सोनकर ने पहला सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए, लेकिन धरातल पर सिर्फ 9 प्रतिशत ही परियोजनाएं क्यों दिख रही हैं? दूसरा सवाल डिफेंस कॉरिडोर को लेकर था। उन्होंने पूछा कि चित्रकूट, झांसी, अलीगढ़ और आगरा जैसे जिलों में अब तक प्रगति शून्य क्यों है। तीसरे सवाल में उन्होंने भाजपा के फंड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में पार्टी के खाते में 800 करोड़ रुपए थे, जो अब 16 हजार करोड़ रुपए कैसे हो गए, जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। रागिनी के सवालों के जवाब में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता खड़े हुए और उनके सवालों को पढ़ने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोका। इसके बाद मंत्री विपक्ष पर निशाना साधते हुए सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करने लगे।

# विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफ: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं।

खड़गे ने नए श्रम कानूनों और मनरेगा को कमजोर करने के आरोपों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 83674.92 | निफ्टी 25807.20 | सोना 157550 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 257567 प्रति किलो



# आईटी सेक्टर में जबरदस्त गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में जारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 558.72 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 146.65 अंक नीचे 25,807.20 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल चारों आईटी कंपनियों टेक महिद्रा, इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में पांच से छह प्रतिशत के आसपास गिरावट रही। चौतरफा गिरावट के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.45 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत नीचे रहा। निफ्टी आईटी सूचकांक 5.51 प्रतिशत लुढ़क गया। तेल एवं गैस, रसायन, रियलटी, मीडिया, एफएमसीजी, बैंकिग, फार्मा और ऑटो में भी गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में तेजी रही। एनएसई में शामिल 3,256 कंपनियों के शेयरों में से 2,007 के शेयर गिरावट में रहे जबकि 1.151 में तेजी रही। अन्य 98 कंपनियों के शेयर अंततघ अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर 5.99 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 5.79 प्रतिशत, टीसीएस में 5.41, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.84, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.23, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.13 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.17 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.73 फीसदी, ट्रेंट का 1.52 और बीईएल का 1.43 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

## सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी 2000 तक टूटी, सोना 600 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। चांदी 2040 रुपये सस्ती होकर 2.61 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना 630 रुपये गिरकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बुलियन की दरों के अनुसार सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई। एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25 प्रतिशत चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। स्पाट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डालर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पाट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डालर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

## चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं और दालों में भी गिरावट रही। चीनी के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 18 रुपये फिसलकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। आटा भी छह रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल और मसूर दाल में टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 24 रिंगिट टूटकर 4,037 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 99 रुपये और सूरजमुखी तेल 77 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 60 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये घट गई। सोया तेल में 34 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 17 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। वहीं, चीनी तीन रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में साथी वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** रामपुर में बुधवार को एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुरुवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। देवरिया में हत्या के विरोध में दिवानी और कलेक्ट्रेट कचहरी के दर्जनों अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर परिसर में शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मिश्रा और कलेक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा बताया कि रामपुर एक अधिवक्ता फारूख अहमद खान की निर्मम हत्या के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

बार एसोसिएशन के दोनों अध्यक्षों ने मांग किया है कि वकील के हत्यारों तत्काल गिरफ्तार कर मामले को एफटीसी कोर्ट में लगाकर तत्काल फांसी दिया जाय। रायबरेली की विभिन्न बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्यो से विरक्त रहने की घोषणा करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निदा की और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार द्वारा लागू कराने की भी मांग की। गौरतलब है कि रामपुर में बुधवार दोपहर अधिवक्ता फारूक अहमद खां (50) की एक लिपिक ने दिनदहाड़े अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वंदे मातरम...** किए जाने पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि सरकार का यह फैसला गैर कानूनी है। धार्मिक आजादी, सेक्युलर मूल्यों के खिलाफ है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांग कि है कि सरकार इस नोटिफिकेशन को वापस ले। वापस नहीं लिया, तो पर्सनल लॉ बोर्ड इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देगा। सिख संगठन दल खालसा ने वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे सिख पहचान व धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह फैसला भारतीयता के नाम पर हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास है। सिख होने के नाते हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय सिख समुदाय की भावनाओं और उनकी धार्मिक पहचान के विपरीत है।

## गुरुकुल छात्रा ने 5,555 भिन्न ॐ लिखकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के तुलसीपुर महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी स्वर्णा निगम ने कला और आध्यात्मिक क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुमारी स्वर्णा ने 5,555 अलग-अलग प्रकार के 'ॐ' (ओंकार) की विशिष्ट पेंटिंग्स बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस अद्वितीय कला-साधना को 'यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड' में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरी काशी और देश के लिए गौरव का विषय है। गुरुवार को पाणिनि कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य प्रदर्शनी एवं विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वाराणसी संसदीय कार्यालय के समन्वयक शिव शरण पाठक, विश्व वैदिक न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ पर्यावरणविद् अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नए श्रमिक कानून कामगार विरोधी हैं: विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ कहा: 2020 में तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की करने के बाद श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी

लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्यों ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को श्रमिकों के हितों के विरुद्ध करार देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से कामगारों के अधिकारों में और ह्रास होगा।

विधेयक को विचार करने तथा पारित किए जाने के लिए सदन में प्रस्तुत किए जाने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के के. सुरेश ने कहा कि देश भर के श्रमिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जब गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं, तब यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि 2020 में पारित की गई तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की गई थीं, जिनमें श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी। अब इस विधेयक के जरिए श्रमिकों के अधिकारों को और कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 300 तक श्रमिकों-कर्मचारियों वाली कंपनियां, फैक्ट्री और कारखाने सरकार की अनुमति के बगैर बंद किए जा सकेंगे।

सुरेश ने कहा कि 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में काम करता है, उसकी पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान कौन रखेगा। महिलाओं की भागीदारी कार्यबल में कम हो रही है। आज कारपोरेट सेक्टर को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। कारपोरेट की मांगें मान ली जाती हैं। श्रमिकों की मांगें ठुकरा दी जा रही हैं। मोदी सरकार श्रमिकों की असुरक्षा को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार श्रमिकों के हितों में काम करती थी। तत्कालीन सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) लाई थी। संप्रग सरकार सामाजिक न्याय के लिए काम करती थी। आज सार्वजनिक उपक्रम कमजोर हो रहे हैं, उनका निजीकरण किया जा रहा है।

अनुबंध पर अधिक कर्मचारी लाए जा रहे हैं। यह विधेयक रोजगार सुरक्षा को क्षति पहुंचाता है। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि इस विधेयक में पहले के श्रमिकों के जुड़े कानूनों को समेकित करके नई श्रम संहिताएंलाई गई हैं। इस विधेयक को प्रगतिशील सुधार के रूप में जाना जाना चाहिए। सरकार की मंशा श्रमिक-मालिक के बीच तालमेल के जरिए उद्योगों में तरक्की लाना है। सरकार गैरकानूनी तालाबंदी पर रोक लगाना चाहती है। सरकार के इन कदमों से अर्थव्यवस्था में सुधार लाना है। इस सरकार की ओर से लाई गई श्रमिक संहिताएंपूरे देश में लागू होंगी। इनके लागू होने से औद्योगिक विवाद सुलझाना जयादा सरल हो जाएगा। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने कहा कि 2020 में जब श्रम संहिताएंलागू की गई थीं, तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे और अब उनमें संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार जब एक मजबूत कानून नहीं बना सकती तो यह श्रमिकों के हितों की बात करेगी, ऐसा सोचना निरर्थक है। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों की छंटनी को आसान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सरकार के प्रति श्रमिकों में घोर निराशा है। उद्योगों को ढील दी जा रही है। तीन सौ कर्मचारियों वाली कंपनियों- कारखानों में जब चाहे तब कामगारों को नौकरी से निकाला जा सकता है। सरकार को मजदूरों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

# निजीकरण के विरोध में 'जेल भरो आंदोलन' व 'लाइटनिंग एक्शन' की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में लाखों बिजली कर्मियों ने कार्य बंद कर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर कार्यालयों से बाहर आकर बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल हुए।

संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त नहीं की गई और निजीकरण के लिए टेंडर जारी किया गया, तो प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारम्भ करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। समिति ने यह भी कहा कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी

**■ बिजली कर्मचारियों ने कार्यालयों के बाहर किया प्रदर्शन**

(अमेंडमेंट) बिल पारित करने का प्रयास किया गया, तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी। देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के तत्काल कार्य बंद कर 'लाइटनिंग स्ट्राइक' पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। गुरुवार का आंदोलन पावर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने, उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने तथा बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांगों को लेकर की गई है।



संघर्ष समिति ने बताया कि पहली बार बिजली कर्मचारियों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, मजदूर संगठनों और किसानों की संयुक्त एकजुटता के कारण यह आंदोलन स्वतंत्र भारत के महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक आंदोलनों में शामिल हो गया है।

संघर्ष समिति ने कहा कि पावर सेक्टर में नियमित प्रकृति के कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग की जा रही है, जिससे न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है बल्कि बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रमुख मांगों में आउटसोर्सिंग पर रोक, नियमित पदों पर सीधी भर्ती तथा आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण शामिल है।

संघर्ष समिति ने चिंता व्यक्त की है कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण (वितरण, उत्पादन तथा टीबीसीबी के माध्यम से ट्रांसमिशन) गरीब उपभोक्ताओं, छोटे एवं मध्यम उद्योगों तथा आम जनता के हितों के विरुद्ध है। इसलिए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को तत्काल वापस लिया जाना आवश्यक है। गुरुवार को मेरठ में विरोध सभा कार्यालय मुख्य अभियंता वितरण क्षेत्र प्रथम/द्वितीय के प्रांगण, विक्टोरिया पार्क मेरठ में हुआ जिसमें मुख्यत: सीपी सिंह, विपिन कुमार, सौरभ, गुरुदेव सिंह, गोपी चंद, अश्विनी, कपिल देव, महेश शर्मा, सुरेंद्र कुमार, रविंद्र मौतला, मांगेराम आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक भागीदारी के साथ हुए इस शांतिपूर्ण और अनुशासित आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिजली कर्मी निजीकरण के विरुद्ध और सार्वजनिक बिजली व्यवस्था की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार हैं।

# पुल पर सामान छोड़कर युवक ने गंगनहर में लगाई छलांग, तलाश जारी

**■ युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना थाना क्षेत्र के दौराला गंगनहर पुल पर गुरुवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब एक अज्ञात व्यक्ति अपने जूते-चप्पल और शॉल पुल पर छोड़कर अचानक नहर में कूद गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक कुछ क्षणों तक पानी में संघर्ष करता नजर आया और दो बार सतह पर उभरा, लेकिन तेज बहाव के चलते देखते ही देखते लापता हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक सरधना की दिशा से पैदल आता हुआ पुल पर पहुंचा था। वह काफी देर तक चुपचाप बैठा रहा। अचानक उसने अपने पैरों से चप्पल उतारी, शॉल किनारे रखी और बिना कुछ कहे नहर में छलांग लगा दी। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ



घटनास्थल पर पड़ी चप्पल व शॉल।

पाते, उससे पहले ही युवक गहरे पानी में समा गया। शोर शराबा मचने पर राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुल पर मिले सामान को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक की उम्र लगभग 45 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही थी। पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने बरामद शॉल और चप्पलों की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और स्थानीय व्हाट्सऐप समूहों में साझा की हैं। अधिकारियों का कहना है कि युवक की शिनाख्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस नहर क्षेत्र में तलाश और अन्य बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है।

# मनरेगा के नियम व नाम बदलने पर आज कांग्रेस निकालेगी पदयात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यालय पर हुई प्रेस वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महानगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ 'मनरेगा बचाव अभियान' के तहत शाम 4 बजे महानगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा पदयात्रा निकाली जाएगी। रंजन शर्मा ने मौजूदा केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व में लागू की गई जनहित की योजनाओं का नाम और नियम बदलकर देश की 'लाइफ लाइन' कही जाने वाली योजनाओं को कमजोर करने का कार्य

**■ हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ होगा जनआंदोलन: रंजन शर्मा**

कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण योजना का नाम बदलकर 'जी राम जी' किया जाना सरकार की मंशा को स्पष्ट करता है यह सीधे तौर पर श्रमिक वर्ग के हितों पर प्रहार है। वही उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी के खिलाफ कांग्रेस एक बड़ा जन आंदोलन चलाने वाली है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, बबीता गुर्जर, बबली, रीना शर्मा, पियूष रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

## अफवाहों से सावधान रहने और हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आगामी महाशिवरात्रि, रमजान और होली के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, पालिका प्रशासन, नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और व्यापारियों ने भाग लिया तथा त्योहारों के दौरान बेहतर व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे।

बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। इसलिए सभी लोग मिलजुलकर इन पर्वों को मनाएं और क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखें। स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि किसी ने हुड़दंग किया या माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ



शांति समिति की बैठक में शामिल अधिकारी व गणमान्य लोग।

सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वक्ताओं ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, पेयजल और बिजली आपूर्ति सुचारु रखने की मांग उठाई। साथ ही त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाने और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता जताई गई। सीओ आशुतोष कुमार ने आश्वस्त किया कि त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। चेयरपर्सन पति निजाम अंसारी एवं ईओ दीपिका शुक्ला ने कहा कि त्योहारों को देखते हुए नगर में सफाई, पानी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएंगी, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में इंस्पेक्टर दिनेश प्रताप सिंह, ईओ दीपिका शुक्ला, सूर्यदेव त्यागी, ठाकुर प्रतिश, निजाम अंसारी, समर कुरैशी, पंकज जैन, मुख्तार खान, सुहेल कुरैशी, अली शाह, दीपक शर्मा, ललित गुप्ता, संजीव कुमार, आलोक जैन, वीरेंद्र चौधरी, दिनेश प्रधान, विमला अरोड़ा, पिंकी सोम, शानू जैन, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एमएम पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बली में एमएम पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक विज्ञान के प्रोजेक्ट बनाएं और उनके बारे में अतिथियों को जानकारी दी। अतिथियों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रतिराम मावी पूर्व प्रधानाचार्य बहसूमा मास्टर राजेंद्र नागर मास्टर रामवीर मावी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। एमएम पब्लिक स्कूल प्रांगण में लगे विज्ञान मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के अनेक मॉडल जैसे वाष्पोत्सर्जन वाटर पंप सूर्य ग्रहण वॉटर प्यूरीफायर चंद्रयान तथा मिसाइल आदि के मॉडल बनाकर अतिथियों को उनके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक मास्टर राजवीर सिंह को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर रामवीर मावी प्रबंधक ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज सिखेड़ा तथा संचालन हिमांशी मावी ने किया। कार्यक्रम में मास्टर शुभम भावी, आदेश कुमार, राहुल कुमार, आमिर सैफी, गुलफाम अली, अनुराधा आंचल, शबाना, हिना, लवी, इशिका सुंदरी, तनु आदि का सहयोग रहा।

# महाशिवरात्रि के मद्देनजर सदर क्षेत्र में सघन सत्यापन अभियान, अव्यवस्था पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशानुसार सदर थाना क्षेत्र में सघन सत्यापन अभियान चलाया गया।

अभियान क्षेत्राधिकारी कैंट के नेतृत्व में पुलिस बल की उपस्थिति में संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना सदर बाजार क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध बाबा औघड़नाथ मंदिर परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विशेष जांच-पड़ताल की गई। मंदिर के बाहर मांगकर जीवनयापन करने वाले व्यक्तियों तथा फूल-माला विक्रेताओं का विधिवत सत्यापन किया गया। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए पर्व के अवसर पर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया गया। क्षेत्राधिकारी कैंट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अवैध गतिविधि अथवा



श्रद्धालुओं को असुविधा पहुंचाने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने तथा क्षेत्र में निरंतर गश्त करते रहने के निर्देश भी प्रदान किए। पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए गए इन कदमों से श्रद्धालुओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है तथा पर्व को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## सिद्धपीठ फिरोजपुर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** महाभारत कालीन सिद्धपीठ फिरोजपुर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी धर्मपाल गिरी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके देहांत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। धर्मपाल गिरी पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से मंदिर में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे थे। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय भगवान शिव की आराधना और श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित किया। उनके सानिध्य में मंदिर की धार्मिक परंपराएं निरंतर आगे बढ़ती रहीं। वे सरल स्वभाव, सौम्य व्यवहार और आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी थे। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भी उनका विशेष सम्मान करते थे। ग्रामीणों का कहना है कि धर्मपाल गिरी ने मंदिर को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने उनकी सेवाओं को अविस्मरणीय बताया। उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के गणमान्य लोगों का तांता लगा हुआ था।



# गफूरी इंटर कॉलेज में हुआ विदाई समारोह

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मिसाल बना संस्थान

**■ शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर/मेरठ।** गुरुवार को किठौर स्थित गफूरी मेमोरियल इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह एवं कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिनके लिए प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर किठौर उप निरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल अजय कुमार एवं संतोष सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों में सक्रिय अधिवक्ता शराफत



अली ने विद्यार्थियों को मार्ग दर्शन देते हुए कहा कि गफूरी मेमोरियल इंटर कॉलेज क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और संस्कारों के लिए जाना जाता है। वहीं शाहजमाल गांव के प्रधान परवेज दिलशाद का कार्यक्रम में स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद गुफरान गफूरी ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गफूरी मेमोरियल इंटर कॉलेज का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि छात्रों को आत्मनिर्भर, अनुशासित और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस अवसर पर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार सहित जहां आरा, अब्दुल आहद, खालिद, आदिल मिजाज, मनोज कुमार, आमिर, सुहैल अहमद, शाहिद अली (पत्रकार) अवनीश दीक्षित, अनुज प्रधान जिला पंचायत सदस्य वार्ड-5, हापुड़, विकास कुमार, शाजिया परवीन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# परीक्षितगढ़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिवरात्रि व रमजान होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने कहा कि शिवरात्रि रमजान होली का पर्व सभी लोग मिलजुल कर मनाएं तथा कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखें वहीं उन्होंने कांवड़ शिविर लगाने वाले आयोजकों से कहा कि वह शिविर रजिस्ट्रेशन कराकर ही लगाये। वहीं जगह-जगह मुख्य मार्ग और नहर की पटरी पर लाईट की उचित व्यवस्था हो। इसका सभी ध्यान रखें कोई भी असामाजिक तत्व कोई गड़बड़ी फैलता है तो उसकी गुप्त रूप से उन्हें जानकारी दें ऐसे असामाजिक तत्वो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर चेयरमैन हिटलर त्यागी ने बताया कि सभी मंदिरों में विशेष सफाई व सजावट कराई जाएगी। कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर गुल्लू प्रधान, मौलाना आरिफ गुड्डू, मोनू सैफी, कारी मोहम्मद वासिफ, योगेंद्र प्रधान, दर्शन सिंह, हरिंदर सिंह, शिवदत्त प्रधान, राहुल त्यागी सहित वरिष्ठ उप निरीक्षक विजेंद्र यादव एसआई राजकुमार सिंह, प्रमोद कुमार, हेड कांन्स्टेबल विनय कुमार, विजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खेलों में पीएम श्री बेहरोडा ने बाजी मारी

## बीएसए आशा चौधरी ने किया खेलों का समापन, गोला फेंक में पीएम श्री बेहरोडा रहा अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला स्तर की खेल प्रतियोगिता का दूसरे दिन आईआईएमटी गंगानगर में संपन्न हुआ। खेलों का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी के द्वारा किया गया।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में मेरठ के सभी ब्लॉकों के पीएम श्री विद्यालय की टीमो ने भाग लिया जिसमें गोला फैक में पीएम श्री विद्यालय बेहरोडा के छात्र बिट्टू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अलीना तृतीया, बैडमिंटन में आसिफ प्रथम, और सादिया दूसरे स्थान पर रही, जबकि 200 मीटर दौड़ में आसिफ ने प्रथम और छात्राओं की 200 मीटर दौड़ में सादिया तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री बेहरोडा टीम के ब्लॉक खेल प्रभारी सुदीप कुमार , व्यायाम प्रभारी उमेश कुमार इनके अतिरिक्त खेल अनुदेशक अभिषेक, राजीव, शिवकुमार, विनीत कुमार, ज्ञानदीप आदि मौजूद रहे। जिला स्तरीय पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का



उद्घाटन आईआईएमटी गंगानगर के अध्यक्ष मयंक द्वारा किया गया जबकि समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएवी में महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती पर 21 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीजेडीएवी सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को महर्षि दयानन्द सरस्वती के 201 वें जन्मोत्सव के अवसर पर 21 कुण्डीय विशाल यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में महानगरीय भाजपा अध्यक्ष विवेक रस्तोगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। थापर नगर आर्य समाज के अध्यक्ष राजेश सेठी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने यजमान बनकर अनुष्ठान की गरिमा बढ़ाई। डॉ. अल्पना शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी विद्यालय, उत्तर प्रदेश जोन-ए ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने समाज को अज्ञानता और अंधविश्वास से निकालकर सत्य, ज्ञान और जागृति का मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने का विशेष महत्व भी है। यज्ञ में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सद्गुण अपनाने और कुरीतियों का त्याग करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीएम व एसएसपी ने किसानों से मिलने से किया मना!

## भाकियू की दो टूक, जब चाहे तब मिले किसानों से डीएम, डीएम ऑफिस पर रात में चढ़ाई भट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किसानोंकी समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट में लगातार जनपद के डीएम और एसएसपी वार्ता करने के लिए आते हैं और सभी समस्या के निस्तारण की बात करते हैं। वहीं भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष का दावा है कि जनपद के डीएम और एसएसपी ने किसानों से मिलने से इनकार कर दिया है और कहा कि उनके पास 24 तारीख तक किसानों से बात करने का समय नहीं है। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने बड़ा प्रदर्शन किया। वहीं डीएम को साफ संदेश दिया कि जब चाहे किसानों से तब वार्ता करने आए फिलहाल किसानों ने कलक्ट्रेट पर देर रात डेरा डाला और अपनी भट्टियां भी चढ़ा दी और किसानों की बात को अनसुना करने वाले डीएम को यह बता दिया कि किसान किसी से डरने व दबने वाला नहीं है।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि हम भी 24 तक अब यही हैं और

**जिला अध्यक्ष अनुराग बोले, किसानों की नहीं हो रही सुनवाई**

मोदी जी के आने पर उनसे मिलकर ही जायेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में तीनों तहसीलों (सदर, सरधना, मवाना) में लिखित दी गई समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ, साथ ही सीओ चकबंदी के द्वारा अनाप शनाप दुर्व्यवहार किया जाता है, यह शिकायत हुई थीं। इसी के साथ कई मुद्दों पर डीएम ने समस्या के निस्तारण का वादा किया लेकिन कुछ समाधान नहीं हुआ इसलिए किसान परेशान होकर धरने में आए हैं और जब तक समस्या का हल नहीं होता तब तक डीएम साहब जब चाहे तब किसानों से मिलने आ सकते हैं। धरने पैदल मार्च में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर, सत्यवीर, देशपाल, हर्ष चहल, मोनू, सत्येंद्र, बबलू, सनी, विनेश प्रधान, सुभाष, वीरेंद्र, विनोद, बंटू, सोनू, सुरेन्द्र, नरेश मवाना, सुनील, परविंदर, मनोज आदि मौजूद रहे।



**बिजली बिल राहत योजना 2025-26**

# उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर, ब्याज पर 100 प्रतिशत तक की छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) के निर्देशन में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पीवीवीएनएल) द्वारा 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' के तृतीय चरण को उपभोक्ताओं से व्यापक समर्थन मिल रहा है। योजना का तृतीय चरण 06 फरवरी से प्रारम्भ हो गया है। योजना का उद्देश्य लंबित विद्युत बकाया एवं विद्युत चोरी प्रकरणों के त्वरित एवं सरल निस्तारण हेतु उपभोक्ताओं को विशेष राहत प्रदान करना है। दिनांक 11 फरवरी 2026 तक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के 14 जनपदों में कुल 611036 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है इनमें से विद्युत चोरी श्रेणी के अन्तर्गत कुल 48863 उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया है। योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को अब तक 547.97 करोड़ रू. की छूट प्रदान की गई है और 390878 उपभोक्ताओं ने पूर्ण भुगतान कर लाभ प्राप्त किया है।

विद्युत चोरी प्रकरणों में 26925 उपभोक्ताओं ने पूर्ण भुगतान कर लाभ प्राप्त किया है जो पंजीकृत उपभोक्ताओं का 55.10 प्रतिशत है जो योजना के प्रति उपभोक्ताओं के बढते विश्वास को दर्शाता है। इस चरण के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के घरेलू (02 किलोवाट तक) और वाणिज्यिक (01 किलोवाट तक) श्रेणी व भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतू सभी पात्र उपभोक्ताओं को बकाया राशि के व्याज पर, 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है साथ ही मूल बकाया धनराशि पर, 15 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी उपलब्ध है इसके अतिरिक्त विद्युत चोरी से संबंधित प्रकरणों में 40 प्रतिशत तक की छूट प्रदान कर, मामलों में त्वरित निस्तारण का अवसर दिया जा रहा है। यह योजना उपभोक्ताओं को अपने लंबित बकाया का निपटान कर, नियमित उपभोक्ता बनने का सुनहारा अवसर प्रदान करती है। निगम द्वारा सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की गई है की वे इस विशेष राहत योजना का लाभ उठाते हुए, समय से अपना बकाया जमा करें, योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता अपने निकटतम एसडीओ कार्यालय, विभागीय कलेक्शन सेंटर, जन सुविधा केन्द्र, फिनटेक प्रतिनिधि, विद्युत सखी, मीटर रीडर (बिलिंग एजेंसी) अथवा वेबसाईट पर पंजीकरण करा सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए उपभोक्ता 1912 हैल्पलाईन नं. पर संपर्क कर सकते हैं।

**मैनापुठी में 'विकास' पर उठे गंभीर सवाल**

# जिम मशीनों की संख्या में अंतर से बढ़ा घोटाले का शक, शिकायत पर दोबारा जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विकास कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सरकार भले ही सख्त रुख अपनाए हुए हो, लेकिन मैनापुठी गांव में सरकारी धन के उपयोग को लेकर उठे सवालों ने प्रशासन को फिर से जांच के लिए मजबूर कर दिया है। गांव निवासी ठाकुर दीपक चौहान पुत्र कुंवरपाल सिंह द्वारा ग्राम प्रधान और उनके पति पर लगाए गए घोटाले के आरोपों ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है।

शिकायतकर्ता ने 18 दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी को विस्तृत लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि गांव में स्थापित सरकारी जिम और अन्य विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। शिकायत के बाद कई बार जांच कमेटी गांव पहुंचकर निरीक्षण कर चुकी है, लेकिन अब गुरुवार को हुई जांच में सामने आए तथ्यों ने मामले को और गंभीर बना दिया है।




### जिम मशीनों की संख्या पर बड़ा सवाल

गुरुवार को जिला विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह के नेतृत्व में जांच टीम शिकायतकर्ता की मौजूदगी में जिम स्थल पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान मौके पर कुल 8 मशीनें लगी मिलीं। हालांकि शिकायतकर्ता का दावा है कि पूर्व में हुई जांचों के समय वहां केवल 5 मशीनें ही मौजूद थीं। उनका कहना है कि पहले दी गई जांच आख्या (रिपोर्ट) में भी अधिकारियों ने 5 मशीनों की पुष्टि की थी। दीपक चौहान का आरोप है कि कागजों में अधिक मशीनें दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि नकली बिलों के आधार पर मशीनों की खरीद दर्शाई गई है और इस संबंध में उनके पास दस्तावेजी प्रमाण मौजूद हैं, जिन्हें वह जांच अधिकारियों को सौंप चुके हैं।

### प्रधान की गैरमौजूदगी पर भी उठे सवाल

जांच के दौरान ग्राम प्रधान स्वयं उपस्थित नहीं हुईं। उनकी ओर से उनके पति को मौके पर भेजा गया। शिकायतकर्ता ने इसे भी गंभीर विषय बताते हुए कहा कि जब इतने बड़े आरोप लगे हों तो प्रधान को स्वयं सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी।

### पहले भी लग चुका है जुर्माना

मामले को और संवेदनशील इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि प्रधान पति कुंवरपाल पुत्र मंगू के खिलाफ पूर्व में सरकारी चकरोड से मिटी खनन के आरोप में 16 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। ऐसे में शिकायतकर्ता का कहना है कि विकास कार्यों में भी गड़बड़ी की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### अन्य कार्यों की भी जांच की मांग

दीपक चौहान ने आरोप लगाया कि गांव में कराए गए अन्य विकास कार्यों में भी बड़े स्तर पर अनियमितताएं हो सकती हैं। उन्होंने मांग की है कि जिम प्रकरण के साथ-साथ समस्त विकास कार्यों की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि यदि कहीं सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो सके।

### प्रशासन का रुख

जिला विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह ने मौके पर निरीक्षण के बाद कहा कि सभी तथ्यों को संक. लित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल मैनापुठी गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों की निगाहें अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि जांच के बाद सच्चाई क्या सामने आती है और क्या दोषियों पर कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

## अमेजन प्राइम ने 2025 में ग्राहकों के लिए बचत के साथ दी सबसे तेज डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025 प्राइम सदस्यों के लिए अब तक का सबसे तेज डिलीवरी वाला साल रहा। इस दौरान 55 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स की डिलीवरी उसी दिन या अगले दिन की गई, जो साल-दर-साल आधार पर 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। अमेजन इंडिया में प्राइम के डायरेक्टर और हेड, अभिनव अग्रवाल ने कहा कि हमारे ग्राहक हमारे हर काम के केंद्र में हैं और यह देखना हमारे लिए गर्व की बात है कि प्राइम उनके रोजमर्रा के जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। चाहे आखिरी समय की जरूरत हो, पहले से प्लान की गई खरीदारी हो या पूरे परिवार के लिए मनोरंजन प्राइम को स्पीड, बेहतरीन वैल्यू और सुविधा देने के लिए बनाया गया है। हम अपने ग्राहकों के लिए लगातार नए इनोवेशन करते रहने और देशभर में तेज डिलीवरी, बेहतरीन डील्स व सबसे बड़े चयन तक पहुंच, ज्यादा कंटेंट और मनोरंजन विकल्पों के साथ ऐसे एक्सक्लूसिव फायदे देने को लेकर उत्साहित हैं, जो प्राइम सदस्यों की रोजमर्रा की जिंदगी को और भी आसान बनाते हैं।

# कर्नल जसवंत सिंह नेहरा की श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करने पहुंचे चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा

## कहा अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में किसानों, छोटे उद्योगों और मध्यम वर्ग के हितों की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा बृहस्पतिवार को गंगानगर स्थित डिफेंस कॉलोनी में कर्नल जसवंत सिंह नेहरा की श्रद्धांजलि सभा में अपने परिवार के साथ शिरकत करने पहुंचे। और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, जाहिद अंसारी, धूम सिंह गुर्जर, बबीता गुर्जर, रीना शर्मा, अजीम, जगदीश माथुर सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिन्होंने श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने से पहले कंकरखेड़ा में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील और देश की वर्तमान



आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में देश के किसानों, छोटे उद्योगों और मध्यम वर्ग के हितों की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। यदि आर्थिक नीतियां संतुलित और जनहितकारी नहीं होंगी तो इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर पड़ सकता है।

# अगर असमाजिक तत्वों ने त्योहारों में गड़बड़ी की तो खानी पड़ेगी जेल की हवा: सीओ मवाना

## बहसूमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन, गणमान्य लोग रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गुरूवार को थाना परिसर में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में सीओ ने कहा कि आने वाली फाल्गुन मास के कावड़ मेले व आगामी माह-ए-रमजान एवं ईद-उल-फितर के मौके पर सामा. जिक तत्व गड़बड़ी करते हुए पाए गए तो उन्हें जेल की हवा खानी पड़ेगी। उन्होंने गणमान्य नागरिकों से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने की अपील की। गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया ने नागरिकों से कहा कि आगामी फाल्गुन मास के कावड़ मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करायें। उन्होंने कहा कि आगामी माहे रमजान होली एवं ईद उल फितर आ रहा है जिसमें आपसी भाईचारा कायम करते हुए संपन्न कराये। यदि त्योहारों में



असामाजिक तत्व गड़बड़ी करते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व गड़बड़ी करता पाया गया तो इसकी सूचना थाने के नंबर पर सूचना दे ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर जितेंद्र राठी, प्रधान दीपक कुमार, भूरा सैफी, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, दीपेंद्र, मूलचंद भाटी, सभासद पति सूरजपाल, सभासद वीरेंद्र नागर, इकबाल, गिरिराज सिंह, छत्रापाल सिंह, मोबीन सलमानी आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में महिला सहित तीन वांछित गिरफ्तार

**मथुरा।** राया थाना राया पुलिस ने दहेज हत्या के गंभीर मामले में वांछित चल रहे दो पुरुष अभियुक्तों तथा एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीनों को गुरुवार सुबह नया नगला स्थित उनके आवास से दबिश देकर पकड़ा। पुलिस के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को वादी द्वारा अपनी पुत्री की ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना राया में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस संबंध में दहेज प्रतिषेध अधिनियम व संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने सीडीआर, लो. केशन ट्रेसिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया मुखबिर की सूचना पर गुरुवार सुबह पुलिस टीम ने नया नगला में दबिश देकर संदीप, राजेंद्र तथा एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया।

## ऋषभ एकेडमी में वार्षिक परीक्षा से पूर्व शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा से पूर्व शिक्षक-अभिभावक सभा का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा करना तथा आगामी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अभिभावकों से संवाद स्थापित करना रहा। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के प्रदर्शन, उपस्थिति और आचरण से अवगत कराया। कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को इस अवसर पर एडमिट कार्ड भी वितरित किए गए और उन्हें परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य ने संबोधन में कहा कि वार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे घर पर पढ़ाई का अनुकूल वातावरण बनाएं और बच्चों का मनोबल बढ़ाएं। विषय शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही समय प्रबंधन, पाठयक्रम पुनरावृत्ति और अनुशासन संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए गए। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# नए श्रम कानूनों के विरोध में बैंक रहे बंद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा थोपे गए चारों लेबर कोड सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और कॉरपोरेटपरस्त नीतियों के खिलाफ आज देशव्यापी आम हड़ताल के तहत मथुरा में बैंककर्मियों का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला होली गेट स्थित सिंडिकेट बैंक मुख्य शाखा पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और स्पष्ट संदेश दिया कि श्रमिक अधिकारों पर कुठाराघात किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन मथुरा इकाई जिला मंत्री ने कहा कि चारों लेबर कोड मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सीधा युद्ध हैं। यह कानून नहीं बल्कि दशकों के संघर्ष त्याग और बलिदान पर प्रहार हैं आठ घंटे कार्यदिवस नौकरी की सुरक्षा सामाजिक सुरक्षा और ट्रेड यूनियन के अधिकारों को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि बैंककर्मी अपने अधिकारों की बलि नहीं चढ़ने देंगे और हर अन्याय का मुंहतोड़ जवाब देंगे उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र को कमजोर कर रही है और देश की आर्थिक रीढ सार्वजनिक बैंको को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। यह केवल कर्मचारियों का प्रश्न नहीं बल्कि देश की आर्थिक संप्रभुता और आम जनता की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा का मुद्दा है, यदि मजदूरों की आवाज दबाने का प्रयास किया गया तो आंदोलन और अधिक व्यापक उग्र और निर्णायक रूप लेगा यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन मथुरा इकाई के अधिकारियों ने कहा कि यह संघर्ष समझौते का नहीं अधिकारों की पुनर्स्थापना का है हम झुकेंगे नहीं रुकेंगे नहीं अधिकार लेकर रहेंगे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कमजोर करना देश की आत्मनिर्भरता पर सीधा हमला है। बैंककर्मी निजीकरण की हर को. शिश का सड़क से संसद तक विरोध करेंगे लेबर कोड के माध्यम से आठ घंटे कार्यदिवस ओवरटाइम अधिकार और सामूहिक सौदेबाजी की ताकत को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है।

# अमेरिका से ट्रेड डील की खिलाफत में सड़क पर उतरे किसान संगठन

**मथुरा।** अमेरिका के साथ हुई भारत की ट्रेड डील का किसान संगठन विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान किसान संगठनों ने सड़क पर उतर कर विरोध दर्ज कराया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष चौधरी मीरा सिंह के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत सरकार के द्वारा अमे. रिका से किये गये समझौते के विरोध में गुरूवार को कलेक्ट्रेट पर किया गया। कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय उप जिला अधिकारी मथुरा को भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि भारत सरकार ने अमेरिका के साथ कृषि और किसानों को लेकर जो समझौता किया है वह जल्द से जल्द वापस लिया जाए अन्यथा की स्थिति में सडक पर



उतरकर बहुत बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सलीम खान, जिला सचिव निजाम खान, तहसील गोवर्धन अध्यक्ष राज. कुमार, तहसील सदर अध्यक्ष राजू निषाद, बॉबी तोमर, दयाराम चौधरी, प्रदीप झरेलिया, राज. कुमार, जिला महासचिव धीरी सिंह, जिला प्रवक्ता मलखान सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं ने किसान विरोधी अमेरिका भारत व्यापार समझौते के विरोध में मथुरा महानगर के होली गेट चौराहे पर केन्द्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। भारत अमेरिका ट्रेड डील वापस लो किसान विरोधी सरकार मुर्दाबाद नरेंद्र मोदी इस्तीफा दो के गगनभेदी नारे लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा यह समझौता अमेरिका के दबाव में किया जा रहा भारतदृअमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसान को तबाह करने की साजिश है। जहां अमेरिकी किसान को भारी सब्सिडी और सुविधाएँ मिलती हैं। वहीं भारत का किसान महंगे बीज, खाद, डीजल, कर्ज और बिना एमएसपी गारंटी के जूझ रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार किसान विरोधी सरकार है यह सरकार ने किसान हित के लिए कुछ नहीं किया सिर्फ किसानों को जुमले दिए हैं। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान, महिला जिला अध्यक्ष मीना ठाकुर, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, उत्तर प्रदेश महासचिव नरोत्तम लाल पाराशर, जीतेन्द्र चौधरी, भगवान दास, वृंदावन नगर अध्यक्ष विनोद राजपूत, प्रयागनाथ चतुर्वेदी आदि रहे।

# जनपद में 18 फरवरी से होंगी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

## यूपी बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने की संबंधितों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकओ के साथ यूपी बोर्ड हाई स्कूल व इंटर की परीक्षाओं को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से उक्त के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाएं 2026 की परीक्षा हेतु जनपद बागपत में हाई स्कूल के 13766 व इंटरमीडिएट के 13417 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। परीक्षा 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। जनपद में 37परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिन पर सभी चाक-चौबंद व्यवस्था के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि जो कमियां अभी नजर आ रही इन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए बोर्ड परीक्षाएं कैमरे की निगरानी में संपन्न कराई जाएंगी सभी कैमरे सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थित तरीके से संचालित रहे। बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए 37 स्टैटिक्स मजिस्ट्रेट , 10सेक्टर मजिस्ट्रेट, 3जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। कंप्यूटर कंट्रोल रूम प्रभारी प्रधानाचार्य गीता शर्मा व जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कैलाश तिवारी को नियुक्त किया गया है। विभागीय परीक्षा नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य अंतरिक्ष को नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि बेसिक शिक्षा विभाग के जिन अध्यापकों की डयूटी लगाई गई है बे समय से अपनी डयूटी करने पहुंचे फ्लैस। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि हाईस्कूल की ओएमआर शीट के संबंध में कक्ष निरीक्षक को अच्छा प्रशिक्षण पूर्व में दे दिया जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षाओं के समय लाइट प्रभावित नहीं होनी चाहिए सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था संचालित रहे किसी भी तरह के किसी विद्यार्थी को कोई समस्या ना आने दी जाए। जिलाधिकारी ने अधिक्षण अभियंता विद्युत वितरण को निर्देशित किया की परीक्षाओं हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु शासन द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर वॉयस रिकार्डरयुक्त कैमरें की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा केन्द्रों पर लगे डीवीआर की वेबकास्टिंग जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम से करते हुए राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम से भी कनेक्ट किये गये हैं। उक्त के क्रम में अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा 2026 के सुचारू रूप से संचालन एवं नकलविहीन परीक्षाएं कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षा की ऑनलाइन रियल टाइम मॉनीटरिंग किये जाने हेतु 16 फरवरी, 2026 से 12 मार्च, 2026 तक जनपद में निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों पर (सम्बन्धित क्षेत्र में) एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, बागपत में (सम्बन्धित क्षेत्र में) निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। किन्ही भी परिस्थितियों में विद्युत आपूर्ति बाधित न की जाये। यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी2026 से12मार्च 2026 तक सम्पन होगी जो दो पारियों में आयोजित की जाएगी प्रथम पाली 8रू30 बजे से 11रू45 बजे तक व द्वितीय पाली 2 बजे से 5:15 तक रहेगी। जिलाधिकारी निर्देश दिए की सभी परीक्षा केंद्रों में अच्छी लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए परीक्षा कक्ष में अंधेरा ना हो परीक्षा देने के लिए व्यवस्थित तरीके से अच्छा फर्नीचर लगा होना चाहिए पानी टॉयलेट आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया जनपद में निर्धारित सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे समस्त सीसीटीवी कैमरे स्टैटिक आईपी के माध्यम से जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम से कनेक्ट हो चुके हैं तथा सभी केंद्रों के डीवीआर की स्टैटिक आईपी फीड करा कर राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में भी जनपद बागपत का कंप्यूटर सेट स्थापित कर दिया गया है। कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों के कुल कैमरा कनेक्ट किए गए हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।



# बिजली का करंट लगने से युवक की मौत, परिवार में शोक



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक युवक की बिजली के करंट लगने से मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

रटौल निवासी 45 वर्षीय शाहिद पुत्र इरफान टैंट लगाने का काम करता है। रटौल में ही बस स्टैण्ड पर हीरो एजेंसी के पीछे उसने शाहिद पुत्र अलीशेर की बेटी की शादी में टैंट लगाया था जब वह उसे उखाड़ रहा था, तभी उसका पाईप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन से टच हो गया जिससे वह बिजली की चपेट में आने से दूर जा गिरा साथ के लोगो ने देखा तो उसे बचाने दौड़ पड़े और उसे उठाकर रटौल चिकित्सक के यहा ले गये जहा से उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जब यह खबर परिजनों को पता चली तो परिवार में कोहराम मच गया। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

# पिता नें नाबालिग पुत्री के साथ किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चांदीनगर क्षेंत्र के एक गांव में एक पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है आरोपी पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वही छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

चांदीनगर क्षेंत्र के एक गांव में समाज को कलंकित करने वाली घटना सामने आयी है, मिली जानकारी के अनुसार एक गांव में एक व्यक्ति शराब के नशे मे घर पहुंचता है जहा उसकी 14 वर्षीय पुत्री और दो छोटे बच्चें अकेले थे। पुत्री कक्षा 6 की छात्रा है।

मिली जानकारी के अनुसार पुत्री की मां पडौस में ही एक शादी में गीत कार्यक्रम मे गयी थी तभी आरोपी पिता ने चाकू के बल पर पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी घटना 11 फरवरी की रात्रि आठ बजें की बताती गयी है।

पीड़ित छात्रा ने रात में ही अपने चाचा जो दिल्ली रहते है उन्हें अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। चाचा 12 फरवरी की सुबह गांव पहुंचे और भतीजी से जानकारी ली तो उसने बता दिया। चाचा नें चांदीनगर थानें पहुंच अपने भाई के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस नें मुकदमा कायम कर लिया है।

थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया गया है। छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रमजान माह में शराब बिक्री पर रोक की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर बृहस्पतिवार को खिदमत फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने तहसील मे पहुंचकर रमजान माह मे खुले मे शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसडीएम के नाम कानूनगो को सौपा।

खिदमत फाउंडेशन बड़ौत के अध्यक्ष मुहम्मद आजाद चौधरी के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने खुले में शराब की बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के नाम ज्ञापन कानूनगो अखिलेश गुप्ता को सौंपा, जिसमें एडवोकेट आकिब चौधरी कोषाध्यक्ष ने कहा कि रमजान का मुबारक महीना शुरू हो रहा है। यह महीना मुसलमानों के लिए बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस महीनें में मुसलमान इबादत करते हैं। मुसलमानों के लिए शराब हराम है। जिले में जगह-जगह शराब की दुकानें खुली हैं। जहां लोग खुले में शराब पीते हें। रोजेदार और नमाजी जब वहां से मस्जिद या अपने घर की तरफ जाते हैं तो शराब की बदबू और रास्तों में खाली पड़ी बोतलों से रोजा खराब होता है। इससे रोजेदारों को परेशानी होती है। कुछ लोग शराब पीकर मस्जिदों के पास से गुजरते समय गाली गलोच करते हैं, जिससे दिक्कत होती है। लिहाजा रमजान के महीने में खुले में शराब की बिक्री बंद की जाए, ताकि रोजदारों को किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़े। इस मौके पर जमीरूदीन अब्बासी, विक्रांत सभासद, एडवोकेट आरिफ, शाहिद खान, एडवोकेट शकील, रिजवान मलिक एडवोकेट साजिद नोसा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में एक घर में घुसकर गांव के ही युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के भाई नें थानें में तहरीर दी है। पांची निवासी जुल्फिकार पुत्र इजहारूलहक नें थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई नवाजिश व तैयब अपने घर पर काम कर रहे थे तभी गांव के ही अरहम, जैद, अमन आदि साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और गाली गलौच कर मारपीट करने लगे सभी हाथो में धारदार हथियार लिये हुए थे। पीड़ित ने बताया उन्होंने उसके भाई नवाजिश को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के भाई ने थानें में तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है।

### 14 वे 15 फरवरी को कराई जाएगी ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बरवाला गांव की बड़ी पट्टी निकट नाग बाबा मंदिर के पास तोमर क्लब के तत्वाधान में ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता 14 वे 15 फरवरी को कराई जाएगी जिसमें दूर दराज तक के कुश्ती लड़ने वाले पहलवान भाग लेंगे। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 हजार द्वितीय पुरस्कार 21000 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए का जीतने वाली टीम को दिया जाएगा नाइट कबड्डी टूर्नामेंट टीम की एंट्री निशुल्क रखी गई है आयोजक संस्था के सदस्य शिवम तोमर बरवाला गौरव दिल्ली पुलिस कांस्टेबल अनुज चौधरी संदीप चौधरी हरियाणा पुलिस बबलू आकाश चौधरी आदि नेबताया कि बाहर से आने वाले समस्त पहलवानों के लिए खाने ठहरने की व्यवस्था भी नि:शुल्क तरीके से रखी गई है तोमर क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बाहर से आने वाले पहलवानों के लिए विशेष व्यवस्था रखी गई है।

### किसानों के महान नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की धूमधाम से मनाई 87 वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के नेहरू रोड़ पर राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक किसान नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह की 87वीं जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी तथा फलो का वितरण किया गया। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। नगर बडौत के नेहरू रोड़ पर किसान नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह की 87वीं जयन्ती पर राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता प्रदीप तोमर (लोहड्डा) के नेतृत्व में फलो का वितरण किया गया। तदोपरान्त इस अवसर पर विचार गोष्टी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन पति वरिष्ठ रालोद नेता अश्वनी तोमर, वरूण तोमर आदि रालोद के वरिष्ठ नेता पहुंचे। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता प्रदीप तोमर (लोहड्डा) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के महान चिंतक रहे, उनकी सादगी, उनकी असली पहचान थी। उनके विचार, उनकी सोच और उनकी राजनीति की विरासत बेमिसाल और विशाल है। यह विरासत केवल शब्दों में नहीं, बल्कि खेत-खलिहानों की मिट्टी में बसती है। किसानों और मजदूरों की उम्मीदों में बसती है। हर उस आवाज में बसती है जो अपने हक के लिए खड़ी होती है। रालोद वरिष्ठ नेता अश्वनी तोमर ने कहा कि चौधरी साहब ने हमेशा किसानों की बेबाक आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और किसान, मजदूर व आमजन के सम्मान को सर्वोपरि रखा। आज उनकी जयंती पर हम सबका दायित्व है कि उनके सिद्धांतों, संघर्ष और सेवा भाव की इस विरासत को मजबूती से आगे बढ़ाएं। किसानों की बेबाक आवाज, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

### तहसील में विधिक सहायता व जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत द्वारा गुरुवार को खेकड़ा तहसील परिसर में लघु विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत की सचिव अंकिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। शिविर का उद्देश्य निर्धन, दिव्यांग, बच्चे, महिलाएं, श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित अन्य वंचित वर्गों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्र लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए, जहां आमजन की समस्याओं को सुना गया और मौके पर ही उनके समाधान का प्रयास किया गया। वंचित लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया और उन्हें योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। दिव्यांगजनों के लिए बैसाखी, व्हीलचेयर जैसे उपकरण उपलब्ध कराने हेतु भी पंजीकरण किए गए। इसके अतिरिक्त, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी आवेदन स्वीकार किए गए। किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का पंजीकरण कराया गया। जिन किसानों का पंजीकरण पहले हो चुका था लेकिन उन्हें निधि प्राप्त नहीं हो रही थी, उनके प्रकरणों की जांच कर कारणों की जानकारी दी गई। पात्र महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखवाकर उनका पंजीकरण भी किया गया।

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0643157 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है।

शेखर पुत्र नाथीराम निवासी ग्राम भैंसवालॉ, जनपद शामली।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र साहिल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

यामीन पुत्र इनायत निवासी पट्टी दाबडा कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

# टटीरी-मेहनवा मार्ग पर रेलवे ट्रैक के पास नग्न अवस्था में मिला महिला का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अग्रवाल मंडी टटीरी-सूरजपुर मेहनवा मार्ग पर रेलवे ट्रैक के पास एक महिला का नग्न अवस्था में शव पड़ा हुआ मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की हत्या की आशंका जताई है। महिला कोतवाली क्षेत्र के ही एक गांव की बताई जा रही है, जो बुधवार देर शाम अपने गांव पैदल लौट रही थी।



लोगों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव की एक महिला अपने घर गई हुई थी। बुधवार देर शाम को उसने परिजनों को सूचना दी थी कि वापस लौट रही है। वह बागपत पहुंच गई ओर रिक्शा से टटीरी आ रही है। मगर देर रात तक भी महिला घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी महिला का कुछ पता नहीं लगा।

बृहस्पतिवार को रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे दो युवकों को ट्रैक के पास महिला का नग्न शव पड़ा देखा। युवकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला की हत्या कर शव यहां फेंकने की आशंका जताई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा खारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर मौके पर एसपी सूरज. कुमार राय और एएसपी प्रवीण कुमार ने मौके पर जांच पड़ताल की।

एसपी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान दुर्गेश पत्नी बाबूराम निवासी सूरजपुर मेहनवा के रूप में हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# 14 फरवरी को कांग्रेस पार्टी निकालेगी (मनरेगा बचाओ) पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागपत।** कांग्रेस पार्टी 14 फरवरी को (मनरेगा बचाओ) पैदल मार्च निकालेगी। यह मार्च छपरौली थाना क्षेत्र के कुरड़ी गांव से शुरू होकर बड़ौत शहर स्थित पीएन शर्मा पार्क पर समाप्त होगा।

यह मार्च कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लव कश्यप के नेतृत्व में निकाला जाएगा। इसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। जिलाध्यक्ष लव कश्यप ने बताया कि (मनरेगा बचाओ) पैदल मार्च केंद्रीय नेतृत्व के आहवान पर आयोजित किया जा रहा है। इसे सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगभग 15 किलोमीटर लंबा यह पैदल मार्च विभिन्न गांवों से गुजरेगा। इस दौरान कांग्रेस की नीतियों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। मार्च में स्थानीय लोगों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी की संभावना है। वर्तमान में, जिलाध्यक्ष लव कश्यप मार्च को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं।

# संस्कृति पब्लिक स्कूल में सीनियर कक्षा की विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में सीनियर कक्षा की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा एवं प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया।



तानिया कक्षा 9 ने सरस्वती वंदना एवं काकुल शर्मा, निक्की व जोया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। हर्षित शर्मा को मिस्टर फेयरवेल एवं मानवी को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। कार्यक्रम में विधार्थियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। म्युजिकल चेयर में छवि सोलंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि आप कहीं नहीं जा रहे क्योंकि दिल में रहते हैं आप, बस जीवन में कभी कोई ग़लत काम नहीं करना। उन्होंने कहा कि चारों तरफ बहुत सी बातें हैं जो कि आपको पथभ्रष्ट करती हैं लेकिन आपको इन सबसे बच कर सफलता प्राप्त करनी है। संचालन सृष्टि शर्मा एवं निक्की पंवार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुरेखा तोमर, नीतू चौधरी, दिव्या शर्मा, संजय शर्मा, सचिन पंवार, सौरभ दुहूण, दीपक रूहेला, अंशु, शालिनी, स्नेहा शर्मा एवं अंजु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यक्रताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन कर भारत-अमेरिका मुफ्त व्यापार समझौते का विरोध किया। साथ उन्होंने डीएम को प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।



उन्होने किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग की। इसके अलावा किसानों के ट्रैक्टरों को कृषि यंत्र का दर्जा दिलाने, किसानों का कर्जा माफ कर कर्जा मुक्त करने, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दो नदी, कृष्णा नदी व हिंडन नदी को बड़ी नदियों से नहरों द्वारा जोड़कर 6 जनपदों को सफाई कराकर कैंसरमुक्त किया जाए। उन्होंने नहरों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ और सुंचारू चलाने की मांग की। इस मौके पर दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा, जिला प्रभारी चौ. विनोद, इन्द्रपाल, हरेंद्र दांगी, महिपाल, उपेन्द्र तोमर, सीटू, नीरज ढाका, कृष्ण कुमार, सुरेशपाल, भूपेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, राजेंद्र मौजूद रहे।

# अगर कोई लव जिहाद कर हिंदुओं की एक बेटी को ले जाए तो उसका पीछा मत छोड़ा: यशवीर महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यशवीर महाराज ने गुरुवार को कहा- अगर कोई लव जिहाद कर हिंदुओं की एक बेटी को ले जाए तो उसका पीछा मत छोड़ो। जब तक बेटी वापस न आए जाए तब तक संघर्ष करते रहो।

एक बेटी के बदले उनकी 25-30 बेटियां ले आओ। जब ऐसा होगा तो किसी लव जिहादी की हिम्मत नहीं होगी कि वो हिंदू समाज की बहन-बेटियों की तरफ आंख उठाकर देखे। क्योंकि भय बिन प्रीत नहीं होती है। यशवीर महाराज ने ये बातें विराट हिंदू सम्मेलन में कही। वे अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। मुजफ्फरनगर में योग साधना आश्रम चलाते हैं। 2024 में मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों से नेम प्लेट लगाने की मांग कर धरने पर बैठ गए थे। बाद में सरकार ने आद. ेश जारी कर नेम प्लेट को अनिवार्य कर दिया था। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के इस आद. ेश पर रोक लगा दी थी। यशवीर महाराज ने कहा - हिंदुओं को भी (लव जिहाद) करना चाहिए। यदि कोई हिंदू बेटी दूसरे मजहब में चली जाती है, तो उसे वापस लाने का पूरा प्रयास किया जाना चाहिए। उनकी बेटियां ले आओ तो उनका इतना सम्मान करो कि वे बुर्का छोड़कर यहां आने को तैयार हो जाएं।

# रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर अधिक्ताओं ने रामपुर में एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और अधिवद्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने इस संबंध में जिलाधिकारी अस्मिता लाल को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।



प्रदर्शन करते अधिवक्ताओं ने बताया कि रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस घटना से अधिवक्ता समुदाय में गहरा रोष है। अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को दोहराते हुए कहा कि हत्या के दोषियों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही, पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सरकार से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी नीतियां बनाने का आग्रह किया। बार अध्यक्ष अधिवक्ता सुभाष सिंह तोमर ने कहा कि रामपुर अधिवक्ता हत्याकांड की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। इस दौरान अध्यक्ष सुभाष तोमर, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, महामंत्री अजित सिंह, धर्मेन्द्र काठा, सलिम मलिक, आजाद राणा, रासिद तसलीम आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर हापुड़ में हाई अलर्ट, 3 जोन-10 सेक्टर में बंटी सुरक्षा, 14 क्यूआरटी तैनात, ड्रोन से होगी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** फाल्गुन महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। 13 से 16 फरवरी तक प्रस्तावित आयोजन और 15 फरवरी को मुख्य पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पूरे जनपद को तीन जोन और 10 सेक्टर में विभाजित कर 14 क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

जनपद में सबली मंदिर सहित प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा कांवड़ मार्गों पर भी आवागमन बढ़ने की उम्मीद है। सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर परिसर, गर्भगृह, पार्किंग स्थल और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। ड्रोन और आईपी कैमरों के माध्यम से कांवड़ मार्गों तथा मंदिर क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम स्थापित कर सीसीटीवी कैमरों पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। हापुड़ में नौ मुख्य कांवड़ मार्ग, पांच मेले, तीन घाट और एक शिव बारात/शोभायात्रा को चिन्हित कर सुरक्षा का विशेष प्लान लागू किया गया है। 11 शिविर एवं भंडारों पर भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। 55 हॉटस्पॉट व संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। जनपद की सीमाओं पर 22 बैरियर और 11 पिकेट सक्रिय किए गए हैं, जबकि दो पीए सिस्टम के जरिए लगातार उद्घोषणाएं की जाएंगी। भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गए हैं और पार्किंग स्थलों का निर्धारण कर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है, जिससे मंदिर परिसरों में अनावश्यक वाहनों का प्रवेश न हो। खोया-पाया केंद्र स्थापित कर श्रद्धालुओं की सहायता की जाएगी। एंटी रोमियो स्क्वॉड, गुंडा दमन दल और एलआईयू को भी सक्रिय रखा गया है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। फायर टेंडरों की तैनाती कर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी पूरी कर ली गई है। विगत वर्षों के विवादों की समीक्षा कर संभावित संवेदनशील मामलों का पूर्व में ही निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया सेल को भी सक्रिय किया गया है। किसी भी भ्रामक या तथ्यहीन सूचना के प्रसार पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि निर्धारित मार्गों और व्यवस्थाओं का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।



## मदन चौहान पर हमले के दो आरोपी देशी पिस्टल के साथ पुलिस ने किय गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पूर्व मंत्री एवं तीन बार के विधायक रहे मदन चौहान पर जानलेवा हमला करने की कोशिश के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव हिरणपुर के पास कार सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर फायर करने का प्रयास किया था। गनीमत रही कि गोली निशाने से चूक गई और बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री मदन चौहान अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ एक सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में अचानक तीन युवक उनकी गाड़ी के सामने आकर खड़े हो गए। आरोप है कि युवकों ने गाली-गलौच करते हुए पिस्टल निकाल ली और गाड़ी के शीशे से सटाकर फायर करने की कोशिश की। हालांकि फायर मिस हो गया, जिससे पूर्व मंत्री बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और आरोपितों की तलाश में दबिश दी गई। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवम लोधी पुत्र राकेश लोधी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ तथा शुभम भाटी पुत्र शिवकुमार निवासी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और अन्य फरार युवक की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार, अमेरिका-भारत डील पर किसान संगठनों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में किसान संगठनों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपकर उक्त समझौते को तत्काल रद्द करने की मांग की। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

ज्ञापन में कहा गया है कि 12 फरवरी 2026 को देशभर के किसान संगठन धरना-प्रदर्शन कर इस समझौते का विरोध जता रहे हैं। भाकियू का आरोप है कि यह व्यापार समझौता किसान विरोधी है और इससे देश की कृषि व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। संगठन का कहना है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन इतने महत्वपूर्ण निर्णय में किसानों की सहमति और सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया है। किसानों ने आशंका जताई कि यदि आयात शुल्क में ढील दी गई तो अमेरिका से भारी सब्सिडी पर उत्पादित सस्ती कृषि उपज भारतीय बाजारों में आएगी, जिससे सोयाबीन, मक्का, गेहूं, दालें और डेयरी उत्पादों के दाम प्रभावित होंगे। पहले से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की लड़ाई लड़ रहे भारतीय किसानों के लिए ऐसी प्रतिस्पर्धा में टिक पाना मुश्किल होगा। ज्ञापन में डेयरी क्षेत्र को लेकर भी चिंता जताई गई है। कहा गया कि भारत की डेयरी व्यवस्था छोटे और सीमांत किसानों तथा सहकारी समितियों पर आधारित है। यदि अमेरिकी डेयरी उत्पादों को खुली छूट मिलती है तो लाखों दुग्ध उत्पादक परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को झटका लगेगा। किसान नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि व्यापार संतुलन के नाम पर कृषि सब्सिडी कम करने और सार्वजनिक खरीद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव बनाया जा सकता है। इससे एमएसपी व्यवस्था, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और देश की खाद्य आत्मनिर्भरता पर खतरा उत्पन्न होगा। बीज और बौद्धिक संपदा अधिकार के मुद्दे पर भी संगठन ने चिंता व्यक्त की। ज्ञापन में कहा गया कि अमेरिकी कंपनियां पेटेंट आधारित बीज प्रणाली को बढ़ावा देती हैं, जबकि भारत में किसान परंपरागत बीज संरक्षण पद्धति पर निर्भर हैं। भाकियू पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यह मामला केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की आय, ग्रामीण रोजगार और राष्ट्रीय आर्थिक स्वायत्तता से जुड़ा प्रश्न है। संगठन ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग की है।



## मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस लामबंद, मनरेगा बचाओ यात्रा का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 13 फरवरी को प्रस्तावित 'मनरेगा बचाओ' पदयात्रा की रूपरेखा साझा की। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ यह यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और मजदूर भाग लेंगे।

राकेश त्यागी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मनरेगा योजना की मूल भावना को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों के अधिकारों में कटौती की जा रही है और भुगतान में देरी तथा नियमों में बदलाव से ग्रामीण श्रमिकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मनरेगा देश के करोड़ों गरीब परिवारों के लिए जीवन रेखा है। यह योजना सिर्फ रोजगार नहीं देती, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देती है। लेकिन भाजपा सरकार लगातार इसमें ऐसे बदलाव कर रही है, जिससे मजदूरों का हक छीना जा रहा है। कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। राकेश त्यागी ने आगे कहा कि आज देश में शिक्षा व्यवस्था को भी कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने यूजीसी से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता पर चोट की जा रही है। नई नीतियों के नाम पर छात्रों और शिक्षकों के अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। शिक्षा को केंद्रीकृत कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के सवाल पर चुप नहीं बैठेगी। सरकार बड़े कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने में लगी है, जबकि आम आदमी महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। कांग्रेस इन नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी और सड़कों पर उतरकर मजदूरों की आवाज बुलंद करेगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पदयात्रा हापुड़ के रामलीला ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक से शुरू होकर दिल्ली रोड, फी गंज रोड और रेलवे रोड होते हुए नगरपालिका परिषद परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर समाप्त होगी। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार समाज को विभिन्न मुद्दों पर बांटने की राजनीति कर रही है, जिसका कांग्रेस विरोध करती है। प्रेस वार्ता में पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, जिला महासचिव कपिल शर्मा, एससी-एसटी जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भाटी, आदि ने पदयात्रा को सफल बनाने का आहवान किया।



## मण्डलायुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक की अध्यक्षता में भारत-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबन्धन एवं सीमा पर अवैधानिक गतिविधियों के प्रभावी नियंत्रण हेतु टास्कफोर्स की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** मण्डलायुक्त बरेली मण्डल बरेली भूपेन्द्र एस चैधरी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय साहनी की अध्यक्षता में भारत– नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबन्धन एवं सीमा पर अवैधानिक गतिविधियों के प्रभावी नियंत्रण हेतु परिक्षेत्र स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा पूर्व बैठक की अनुपालन आख्या का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में भारत नेपाल सीमा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विन्दुओं पर चर्चा की गई। बार्डर पिलर्स की क्षति, जाली मुद्रा, मानव तस्करी, खाद्यान्न तथा अन्य सामग्रियों की तस्करी, खाद तस्करी, वनों अवैध कटान, वन एवं वन्यजीव तथा पर्यावरण सम्बन्धी अपराध, दूरभाष, सर्विलांस तथा टेक्नीकल इंटेलीजेंस, वाहन चोरी मामलों, अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण सहित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई। उन्होंने बार्डर एरिया के क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु सीमा सुरक्षा बल, पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आयुक्त महोदय द्वारा मादक पदार्थों, खाद्यान्न, खाद की तस्करी के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि खाद तस्करी, खाद्यान्न तस्करी का कोई इनपुट प्राप्त नही हुआ है। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया में मादक पदार्थो की तस्करी पर नजर रखी जाए। यदि कहीं पर धार्मिक गतिविधियों में वृद्वि–कट्टरवादी प्रभाव पाया जाये तो तत्काल कार्यवाही की जाये तथा उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाये। आयुक्त द्वारा जाली मुद्रा के प्रचलन के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, अपर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जाली मुद्रा से सम्बन्धित कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं आया।

## सोशल मीडिया व्यूज के लिए आत्महत्या का नाटक

**हापुड़।** सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने की होड़ में एक किशोर ने ऐसा कदम उठा लिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सिंभावली क्षेत्र के गांव हाजीपुर में रहने वाले एक किशोर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आत्महत्या जैसा दृश्य दिखाते हुए वीडियो साझा कर दिया। वीडियो में उसके हाथ में कथित रूप से जहर की पुड़िया दिखाई दे रही थी और साथ में भावनात्मक संदेश लिखा था कि यह उसकी जिंदगी का आखिरी दिन है। पोस्ट सामने आते ही पुलिस हरकत में आ गई और तुरंत उसके घर पहुंची। वीडियो में किशोर ने ऐसा माहौल बनाया था, जिससे देखने वालों को लगा कि वह कोई बड़ा कदम उठाने जा रहा है। कैप्शन में लिखे संदेश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। सूचना मिलते ही सिंभावली पुलिस ने बिना देर किए हाजीपुर स्थित उसके घर पहुंचकर स्थिति की जांच की। पुलिस के पहुंचने पर परिवार के लोग भी घबराए हुए मिले। प्रारंभिक पूछताछ में किशोर ने स्वीकार किया कि उसने यह वीडियो केवल सोशल मीडिया पर व्यूज और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए बनाया था। उसने बताया कि उसका उद्देश्य वीडियो को वायरल करना था, ताकि उसके अकाउंट की लोकप्रियता बढ़ सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार किशोर ने जानबूझकर नाटकीय दृश्य तैयार किया था।

## भाकियू टिकैत ने किया अमेरिका के साथ ट्रेड डील का विरोध

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के मंडल एवं जनपदीय कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेजे ज्ञापन में भारत और अमेरिका के बीच 12 फरवरी 2026 को भारत अमेरिका व्यापार समझौता को रद्द कराने की मांग की है। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने विदेशी व्यापार समझौता को किसान विरोधी समझौता बताया है उन्होंने कहा यह समझौता केवल व्यापारिक समझौता नहीं है यह किसान की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है। ज्ञापन प्रदर्शन में सतविंदर सिंह कहलों मंडल अध्यक्ष, गुरदीप सिंह गोगी, युवा जिलाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह चौहान वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष, प्यारे लाल वर्मा, सोनू शाह, साकबत हुसैन आदि रहे।

# मतदान के प्रति ग्रामीणों को जागरुक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन दोनों इकाइयों ने ग्राम अब्दुल्ला कॉलोनी और काला खेड़ा में मतदान जागरूकता अभियान चलाया। ग्राम वासियों को घर-घर जाकर स्वयं सेवक सेविकाओं ने मतदान करने की अपील की। स्वयं सेवक सेविकाओं ने गली मोहल्ले में मतदान जागरूकता के नारे लगाते हुए ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई प्रभारी डॉक्टर नसरे आलम व द्वितीय इकाई प्रभारी डॉक्टर विनेश कुमार ने स्वयं सेवक सेविकाओं को ग्राम वासियों को जागरूक करने के तथ्य दिये। साथ ही रैली में शामिल होकर मतदान को बढ़ावा दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर मलका निजामी ने स्वयं सेवक सेविकाओं को मतदान की प्रति प्रेम भावना का विकास किया। साथ ही बताया कि इस काम को ग्राम वासियों में सम्पूर्ण मन से करना है। जिससे ग्रामवासी जागरूक हो सके इस अवसर पर प्रथम व द्वितीय इकाई प्रभारी डॉक्टर नसरे आलम व विनेश कुमार किरन चौहान शीतल सक्सेना असमा चौधरी राजकुमार भूपेंद्र सर अनवार सर आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस के साथ गोकशों की मुठभेड़ में दो गिरफ्तार

**पीलीभीत।** 6 फरवरी को थाना पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत गौकशी की घटना कारित करने वाले 2 शातिर गौकश पुलिस मुठभेड़ में हुये गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से अवैध शस्त्र व गौकशी के उपकरण किये गये बरामद व गौकशी में संलिप्त 1 महिला गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 11/12/2/2026 की रात्रि को गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि भगवन्तापुर से पूरनपुर की ओर आने वाले रास्ते पर 2 व्यक्ति सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से गौकशी करने की फिराक में घूम रहे हैं, उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा भगवन्तापुर रोड स्थित हनुमान मंदिर से लगभग 200 मीटर पहले पुलिया पर चेकिंग की गई तो कुछ देर बाद भगवन्तापुर की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार 2 व्यक्ति आते दिखाई दिए जो पुलिस को देखकर पुलिया से पहले जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर अचानक मुड़कर भागने लगे, रास्ता कच्चा व ऊबड़–खाबड़ होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, तत्पश्चात संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी गई, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फार्यारंग में अभियुक्त अकरम पुत्र सूखा निवासी ग्राम शेरपुर कला थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत के दाहिने तथा कामिल उर्फ मुरादी पुत्र गंठा निवासी मोहल्ला लाइनपार साहूकारा थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत के बाएँ पैर में गोली लगने से घायल हो गए, घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु सीएचसी पूरनपुर भेजा गया जहाँ उनकी स्थिति सामान्य है, घायल अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध शस्त्र व जिन्दा व खोखा कारतूस एवं गौकशी करने के उपकरण बरामद किये गये हैं, जिसके सम्बन्ध में थाना पूरनपुर मुकदमा अपराध संख्या 56/2026 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, घायल अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। इनका उद्देश्य निराश्रित पशुओं का वध करके उनके मांस की बिक्री कर पैसा कमाना है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त अकरम और कामिल उर्फ मुरादी उपरोक्त द्वारा अपने साथी नईम उर्फ मुन्ना पुत्र सलीम कुरैशी निवासी ग्राम रसिया खानपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत, रेशमा पत्नी इस्लामुद्दीन निवासी मो० अहमदनगर कस्बा व थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत के साथ मिलकर थाना पुरनपुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 6 फरवरी की रात्रि में ग्राम सवाबोझ के जंगल के पास खेत में एक गौवंशीय पशु का वध कर मांस बिक्री हेतु ले गए तथा अवशेष मौके पर छोड़ दिए गए थे, जिसके सम्बन्ध में थाना पूरनपुर पर एफआईआर 51/2026 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट पंजीकृत है। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्ता रेशमा पत्नी इस्लामुद्दीन निवासी मो० अहमदनगर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत को भी गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त नईम उर्फ मुन्ना उपरोक्त की भी जल्द से जल्द गिरफ्तारी होगी।


# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत ककौर कलां वि.ख. छपरौली ( बागपत )

**पत्रांक: मीमो /पं.रा.वित्त/15वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26 **दिनांक**-12.02.2026

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 20.02.2026 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 20.02.2026 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत ( रूपये में ) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | संजीव के मकान से विक्रम तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 306599 | 300 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सनोज के घर से देवपाल तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 721257 | 500 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | गौशाला में हैंडपम्प रिबोर कार्य। | 70000 | 100 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | विरेन्द्र वाल्मिकी के घर के पास हैंडपम्प रिबोर कार्य। | 70000 | 100 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत ककौर कलां**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत ककौर कलां**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**


# सबली महादेव मंदिर में चाक-चौबंद इंतजाम, डीएम ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने सबली स्थित प्राचीन महादेव मंदिर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और यातायात प्रबंधन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का भ्रमण कर भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग अलग-अलग रखने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने नगर पालिका एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर एवं मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। पेयजल के पर्याप्त टैंकर, अस्थायी शौचालय और चिकित्सा सहायता के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर तैनात रहे। साथ ही विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और खुले तारों की जांच कर सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि पर्व के दिन रूट डायवर्जन प्लान जो तैयार किया गया है उसको अच्छे से अमल में लाया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने कहा, महाशिवरात्रि आस्था का बड़ा पर्व है। जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में दर्शन-पूजन का अवसर मिले। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति न बने। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है।

# केन्द्रीय बजट में सभी वर्गो का ध्यानः जयंत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने

**■ कौशल विकास का बजट बढ़ा 62 फीसदी**

'अमरोहा कोशल महोत्सव' कार्यक्रम में आयोजित पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय बजट की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि बजट में सभी के हितों का ध्यान रखा गया है। केन्द्रीय मंत्री ने नवीं बार देश का बजट प्रस्तुत किया है। उनके पास एक बड़ा अनुभव है। उन्होंने बजट में वर्तमान के साथ साथ भविष्य का भी ध्यान रखा है। कौशल विकास के बजट को 62 फीसदी बढ़ाते हुए दस हजार करोड़ निर्धारित किया गया है, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि केन्द्र सरकार को युवाओं के रोजगार उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने की तरफ पूरा ध्यान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बजट में डेढ़ लाख करोड़ की बढ़ोत्तरी कर रखी है। उद्योग और कुटीर उद्योग के बढ़ावा देने के लिए भी बजट में पूरा ध्यान रखा गया है। इसी के




साथ ही बजट में पहली बाहर स्पोर्टस मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया है। इसी तरह रेल प्रबंधन में भी उत्तर प्रदेश के लिए 20 हजार करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया है। जिससे नई रेल लाइन समेत अन्य विकास कार्यो पर व्यय किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में 17 वंदे भारत व 18 अमृत भारत ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी के साथ ही बजट में कृषि एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रावधान किया गया है। कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले उद्योग लगाने में उद्योग. पति संकोच करते थे मगर अब केन्द्र व प्रदेश की सरकार में उद्योगपतियों को निवेश के लिए सुरक्षा और सुविधा दोनों ही प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने से रोजगार देने के लिए बड़े स्तर पर कौशल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। पहले लखनऊ, फिर बिजनौर व अमरोहा में यह महोत्सव आयोजित किया गया है। जिसमें भारी संख्या में युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर प्रदान किए गए हैं। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, सलाहकार वीरपाल सिंह, मंडलाध्यक्ष रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जयंत का डा. सत्यवीर ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो गजरौला।** रालोद नेता एवं कैंसर विशेषज्ञ तथा राष्ट्रीय लो. कदल के प्रोफेशनल मंच के क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. सत्यवीर सिंह चौहान ने केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी का स्वागत किया। गुरूवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी नगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। इस दौरान रालोद नेता एवं नौगांवा सादात विधानसभा से चुनाव की तैयारी कर रहे डा. सत्यवीर सिंह चौहान ने उनका स्वागत किया। जयंत ने उनसे पार्टी को मजबूत करने का आह्वान करते कहा कि जिले में रालोद संगठन को मजबूत करें। आने वाले विधानसभा चुनाव में रालोद पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगा। इस दौरान डा. सत्यवीर चौहान ने जयंत चौधरी को भरोसा दिलाया कि पार्टी इस बार के चुनाव में बढ़िया प्रदर्शन करेगी।

# युवाओं को उनके कौशल अनुरूप मिल रहे रोजगार

## कौशल महोत्सव में युवाओं को मिले जाब ऑफर लेटर, सात हजार ने कराया पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** 'अमरोहा कौशल महोत्सव' में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने युवाओं को विभिन्न कंपनियों एवं इकाईयों की नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि अब पहले जैसी स्थिति नहीं है, नई पीढ़ी को उनके कौशल के अनुसार अवसर मिल रहे हैं। केन्द्र व उत्तर प्रदेश की सरकार कौशल विकास के जरिये युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

गुरूवार को नगर के शिव इण्टर कॉलेज में पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती पर आयोजित 'कौशल महोत्सव' में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान करके एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पअर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनके दादा पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह कहते थे कि बड़े उद्योग हैं ये ठीक है मगर लघु और कुटीर उद्योगों का विकास भी बेहद आवश्यक है। उनके पिता पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ.अजित सिंह ने भी यही स्वपन देखा

**■ कौशल महोत्सव में बोले केन्द्रीय मंत्री जयंती चौधरी**

था कि किसान, लघु व कुटीर उद्योगों का विकास हो। वर्तमान में संचालित केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार उनकी भावनाओं के अनुरूप ही अंतोदय तक पहुंचन में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है। कौशल विकास के जरिये सरकार द्वारा युवा और छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं महोत्सव में भाग लेने के लिए सात हजार से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया वहीं हजारों की संख्या में जॉब ऑफर लेटर वितरित किए गए। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, सलाहकार वीरपाल सिंह, मंडलाध्यक्ष रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, डॉ.सत्यवीर सिंह चौहान, सरजीत सिंह, मीनाक्षी चौधरी, रेनू चौधरी, दिनेश शर्मा, डॉ.सोरन सिंह, नेमपाल सिंह, चौ.नरेन्द्र सिंह, सतीश चौधरी, अभिनव चौधरी, चौ.विरेन्द्र सिंह, कामेन्द्र सिंह, डॉ.ललित चाहल आदि मौजूद रहे। वहीं ओंकाकेयर अस्पताल के संचालक व समा. जसेवी डॉ.सत्यवीर सिंह चौहान ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की प्रतिमा भेंट करके स्वागत किया। वहीं कौशल महोत्सव में 'मेदांता अस्पताल' ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में निशुल्क रक्त जांच, एक्सरे, ईसीजी, बीपी, शुगर आदि की जांच करके निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।




■ गजरौला। कौशल महोत्सव के दौरान अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते जयंत चौधरी।

## महिला के साथ मारपीट करके किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** विवाद के चलते एक महिला को मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। जानकारी के अनुसार मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ निवासी महिला सरोज बीते सोमवार को अपने घर पर थीं। उनका आरोप है कि पड़ोसी युवक सैंकीए रेखा और नीलम गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए थे। जिसका विरोध करने पर तीनों ने लात घूंसों से उनके साथ मारपीट की थी। पुघलिस ने तहरीर पर तीनों के घ्आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कॉस्मेटिक दुकान में आग से लाखों का नुकसान

## शार्ट सर्किट से लगी दुकान में आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** मोहल्ला लकड़ा चौराहा स्थित एक कॉस्मेटिक दुकान में देर रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जबकि आग से लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लकड़ा चौराहा स्थित चेक पोस्ट के पास की है। बैंक कॉलोनी (चूना भट्टी) निवासी कुंवर सैन की चौराहे पर कॉस्मेटिक सामान की दुकान है। बुधवार देर शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब तीन बजे शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने तत्काल दुकान स्वामी कुंवर सैन को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख का ढेर हो चुका था। पुलिस की शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अग्निकांड से व्यापारी कुंवर सैन को लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

# पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरीः गुरेन्द्र

## ब्लाक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता का आयोजन श्री राम इंटर कॉलेज बादशाहपुर में किया गया। खेलों के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरिंदर सिंह ढिल्लो व खंड शिक्षा अधिकारी सोनू सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो व खंड शिक्षा अधिकारी ने 50 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। ब्लॉक पीटीआई अजीत कुमार जी ने अतिथियों का बैज लगाकर तथा कैप पहनाकर स्वागत किया। 50 मी बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर दौड़ में अंशिका प्रथम और इनायत द्वितीय,



100 मीटर दौड़ में शाहजीन प्रथम, गौसिया द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में अंशिका प्रथम, अलफिजा द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में कौशल प्रथम अंशिका द्वितीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में 50 मीटर में रो. हित प्रथम व शिवांग दूसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर में कार्तिक प्रथम व सादिक द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में कार्तिक प्रथम इस्माईल द्वितीय, 400 मीटर में इस्माइल प्रथम कार्तिक द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विपिन चौहान, एससी एसटी टीचर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष वरण सिंह एससी एस टी बेसिक टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष करतार सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश चौहान, नीरज चौहान, एआरपी. संजीव कुमार और लव सूरी, व्यायाम शिक्षकों में महेश कुमार योगाचार्य परवेज खान, लोकेश कुमार आर्य, विकास चौधरी, वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, लुकमानुद्दीन, विवेक शर्मा, संकुल शिक्षकों में सर्वेश चंद, धर्मेंद्र सिंह संजीव सिरोही, श्रीनिवास कुमार, प्रमोद कुमार, विजेंद्र सिंह, निशि भूषण,डॉक्टर रेनू, ओंकारी गुर्जर,सुषमा वंदना मागध, रजनी दधीच, गुलनाज बानो, रमा रस्तोगी, रेखा सागर, रेनू सिंह आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई शिक्षकों को मिले कैशलेस चिकित्सा का लाभ

## शिक्षक विधायक डा. ढिल्लो ने सदन में उठाया मामला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने सीबीएसई आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड के विद्यालयों के शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ दिये जाने की मांग सदन में उठायी।

सदन में यह मामला उठाते डा. ढिल्लो ने प्रदेश सरकार द्वारा यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने के फैसले का स्वागत करते कहा कि इससे प्रदेश के 15 लाख शिक्षकों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीबीएसई, आईसीएसई व आईएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं इन शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल किया जाये ताकि उन्हें भी इसका लाभ मिल सके।

# लेटलतीफ कर्मियों को डीएम ने हड़काया

## जिलाधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**जोया।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर उपस्थित न रहने व देर से आने वाले कर्मियों को कड़ी फटकार लगायी। जबकि संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया।

सबसे पहले जिलाधिकारी ने निरीक्षण के 30 शैय्या वाले मातृत्व (मेटरनिटी) विंग और लैब का जायजा लिया। उन्होंने महिला चिकित्सक डॉ. ममता से बीते एक माह में हुई डिलीवरी की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि पिछले माह 50 डिलीवरी हुई हैं। क्षेत्र की जनसंख्या को देखते हुए डिलीवरी की संख्या अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई और संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समय पर ड्यूटी पर उपस्थित न रहने और देर से आने वाले कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद डीएम जनरल वार्ड पहुंचीं और डिलीवरी के बाद भर्ती चार महिलाओं से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों से नाश्ता व भोजन समय पर मिलने तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में पूछा गया। मरीजों ने संतोषजनक व्यवस्था होने की बात कही।

# बाइकों की भिड़ंत में दम्पति समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गजरौला-चांदपुर स्टेट हाईवे पर कावड़ मार्ग पर गांव रसूलपुर के पास बुधवार देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक दंपति और एक अज्ञात युवक शामिल है। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर सवार यूनुस पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी गजरौला अपनी पत्नी रोशन के साथ चांदपुर से गजरौला की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। दूसरी बाइक सवार युवक की पहचान नहीं हो सकी है, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही रसूलपुर चौकी पुलिस, डायल 112 (पीआरवी) टीम और थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद अज्ञात घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि दंपति का उपचार सीएचसी में जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के दौरान एक बाइक पर रखी थैले में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए पानी डालकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# इंटरनेशनल स्पेलिंग बी में सिद्धार्थ ने जीता कांस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** कहते हैं हुनर उम्र नहीं देखता, और यह बात कक्षा 6 के छात्र सिद्धांत चमन ने सच कर दिखाई है। लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी में पढ़ने वाले सिद्धांत ने इंटरनेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक और मेरिट सर्टिफिकेट हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में उसने स्कूल में तीसरा स्थान और देश में 212वीं रैंक प्राप्त कर अपने स्कूल, परिवार और पूरे इलाके का नाम रोशन किया है।



देशभर से आए हजारों बच्चों के बीच सिद्धांत ने अपनी मेहनत, समझदारी और आत्मविश्वास से खास पहचान बनाई। इतनी छोटी उम्र में यह कामयाबी दिखाती है कि अगर बच्चे को सही रास्ता मिले और वह मन लगाकर पढ़ाई करे तो बड़ी से बड़ी मंजिल पाई जा सकती है। सिद्धांत चमन, एसडीएम चंद्रकांता के बेटे हैं। बेटे की इस कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल है। स्कूल के शिक्षक, साथी बच्चे और इलाके के लोग सभी सिद्धांत को बधाई दे रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि सिद्धांत शुरू से ही मेहनती बच्चा रहा है, जो पढ़ाई के साथ-साथ हर काम में आगे रहता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेना और लगातार अभ्यास करना ही उसकी सफलता की वजह बना। सिद्धांत की यह सफलता सिर्फ उसके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे इलाके के बच्चों के लिए प्रेरणा है कि मेहनत और लगन से कोई भी बच्चा आगे बढ़ सकता है और बड़ा नाम कमा सकता है।

# सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने सदन में यह मामला उठाते कहा किनगर के सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाये जाने की जरूरी है। कहा कि आज के दौर में नई नई बीमारियां हो रही हैं जिनकी रोकथाम जरूरी है। परन्तु शहर की सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन न होने से मरीजों को जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है। जिसके आने जाने में परेशानी होती है। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने आश्वास्त किया कि जल्द ही यहां अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जाएगी।



**■ सदर विधायक ने सदन में उठाया मामला**

ताकि रोगियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# दो सौ मीटर दौड़ में गौतम व अंशू रहे प्रथम

## भागीरथी देवी कालेज में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय धनोरा में दो दिवसीय खेल मेरा युवा भारत, अमरो. हा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी निशांत रौतेला के निर्देशन में संपन्न हुआ, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी अजय कुमार, जिला आयुक्त (स्काउट), भारत स्काउट व गाइड, अमरोहा ने संभाली। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स (200 मीटर दौड़) में बालक वर्ग में गौतम व बालिका वर्ग में अंशु बधेरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रॉबिन (पपसारी खादर) विजेता रहे, जबकि बालिका कबड्डी में अंशी व उनकी टीम ने पहला स्थान हासिल किया। समापन अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को



ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह और खेल भावना के वातावरण में हुआ इस मौके पर डा. अभय आर्य व डा. नवनीत विश्नोई मौजूद रहे।

## सनराइज ने सुपरकिंग को 67 रन से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** द आर्यन स्कूल जोया में आयोजित तृतीय अंडर-12 लेट श्री जसवंत सिंह (साहब) क्रिकेट टूर्नामेंट में सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल ने डॉ. अहमद चाइल्ड केयर सुपर किंग को 67 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल ने 30 ओवर में 151 रन बनाए। अहम (42) और अरीब (41) ने अहम योगदान दिया। जवाब में सुपर किंग की टीम 20 ओवर में 83 रन पर सिमट गई। मोहम्मद हसन (13) और सहल (12) ने संघर्ष किया। अल्फा की ओर से आयशा सिंह, सूर्याश और मन्नान पाशा ने दो-दो विकेट लिए। अहम को मैन ऑफ द मैच और मोहम्मद रिहान को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि डीएम डॉ. निधि गुप्ता वत्स ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। फाइनल मुकाबला सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल और बजाज टेक्सटाइल इंडियन के बीच खेला जाएगा

# एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई

## 20 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

■ मोबाइल व नकदी बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट बरेली ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम अवैध अफीम, एक मोबाइल फोन और 3,400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) व अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) के मार्गदर्शन तथा पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ लखनऊ के नेतृत्व में की गई।



गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वीरेंद्र पुत्र मूलचंद निवासी ग्राम बरसेर, थाना सिरौली, जनपद बरेली के रूप में हुई है। उसे गुरुवार को थाना सुभाषनगर क्षेत्र में मदर्स पब्लिक स्कूल से करीब 150 मीटर आगे रामगंगा रेलवे स्टेशन की ओर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने एक साथी के साथ मिलकर अफीम की सप्लाई करता था। उसका पार्टनर झारखंड से अफीम मंगवाता था, जिसे आगे पंजाब में सप्लाई कर मुनाफा आपस में बांट लेते थे। इस संबंध में थाना सुभाषनगर में धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल सौरभ चौधरी, अंकित यादव, रसविंद्र चौधरी, कुश कुमार एवं महिला कांस्टेबल छाया शामिल रहीं। थाना सुभाषनगर पुलिस ने भी सहयोग प्रदान किया।

# अधिवक्ता फारूख अहमद खां की हत्या पर बहेड़ी बार एसोसिएशन में रोष

■ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, दोषियों की गिरफ्तारी व एक करोड़ मुआवजे की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** जिला रामपुर के अधिवक्ता फारूख अहमद खां की दिनदहाड़े हुई हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन बहेड़ी के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश देखने को मिला। गुरुवार को बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी सुनील रस्तोगी के नेतृत्व में लगभग 40–50 अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन कानूनगो राजीव सक्सेना को सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि जिला रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद खां की निर्मम हत्या जिला पंचायत कार्यालय के कर्मचारी असगर अली द्वारा, कथित रूप से अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी के कहने पर की गई। अधिवक्ताओं ने घटना को बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के बढ़ते दुस्साहस का परिणाम है। इस घटना को लेकर तहसील बहेड़ी के अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने मांग की कि आरोपितों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम दंड दिया जाए। साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिजनों को तत्काल प्रभाव से एक करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा प्रदान किया जाए। बार एसोसिएशन बहेड़ी के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



# हवन-पूजन के बाद हुआ विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** मोहल्ला ललित पुरी स्थित श्री बालाजी दरबार, नथपुरा रोड पर चालीस दिवसीय हनुमान चालीसा व्रत की पूर्णाहुति पर आयोजित हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रात:काल सुंदरकांड पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके पश्चात विद्वान पंडित विनय कुमार शर्मा एवं राजबहादुर शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। यजमान के रूप में महंत रामकिशोर उपस्थित रहे।

हवन के दौरान भक्तों ने श्रद्धापूर्वक आहुति दी और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आरती एवं भोग के उपरांत आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन श्री बालाजी दरबार समिति के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुषमा देवी, योगेश कुमार गुप्ता, उमेश कुमार, बब्लू मौर्य, टिंकू, ओमकार गंगवार, दीपक, पुष्पा सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय सहयोग किया।

# नन्हें मुन्ने कलाकारों ने बिखेरी देशप्रेम, अध्यात्म की अनूठी छटा

■ प्रेटी पेटल्स पब्लिक स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव




शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** प्रेटी पेटल्स पब्लिक स्कूल का रंगारंग वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हें बच्चों ने नृत्य, संगीत, नाट्यमंचन की दो दर्जन से अधिक बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नन्हें शिशुओं की एक टोली ने देशभक्ति गीत पर मनभावन सामूहिक नृत्य पेश कर तालियां बटोरीं। इन बच्चों को प्रेमपाल गंगवार, संजीव शर्मा, रवींद्र सिंह चौहान ने प्रमाणपत्र देकर, मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

नन्हें-मुन्नों की टोली ने छुक मोड़ आया, मैं उत्थे दिल छोड़ आया-गीत पर सामूहिक नृत्य किया और खूब तालियां बटोरीं। पूर्व चेयरमैन केपी मौर्य, कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तहसील अध्यक्ष चेत राम गंगवार ने इन बच्चों को मेडल पहनाए। नन्हें कलाकारों द्वारा मंचित संदेशप्रद श्लोक एज होमर नाटक को भी खचाखच भरे पंडाल में उपस्थित जन समूह द्वारा जमकर सराहा गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर बेस्ड सम्मूह गान-बुमरो-बुमरो, श्याम रंग बुमरो, आए हो किस बगिया से, ओ-ओ तुम-की शानदार प्रस्तुति पर भी पंडाल देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। बच्चों को आशीष पांडेय, खेमपाल गंगवार, सौरभ पाठक, गणेश श्यौधिकर ने सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक श्री पांडेय ने इन अतिथियों को फूलमालाएं पहनाकर और स्मृतिचिह्न प्रदान किए। गायत्री परिवार के बहनों डॉ. दीपमाला पांडेय, उपासना शर्मा आदि ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्रबंध समिति अध्यक्ष श्रीमती कमला पांडेय ने इन बहनों को सम्मानित किया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिव्राजक पंडित लीलाधर शर्मा ने अपने प्रेरणाप्रद उद्बोधन में समझाया कि माताएं शिशु को मनुष्य से देवता बनाने की अनूठी दैविक संस्कारशालाएं हैं। कहा-भौतिक विकास की चकाचौंध में आध्यात्मिक, नैतिक और चारित्रिक उत्थान की उपयोगिता को हरगिज भी विस्मृत न करें।

मुख्य अतिथि बीएसएफ भिटौरा के डिप्टी कमांडेंट दिनेश सिंह ने राष्ट्र निर्माण में माता, विद्यालय और शिक्षकों का अतुलनीय और महान योगदान होता है क्योंकि यही संस्कारक्षम, बहुमुखी प्रतिभा से भरी नई पीढ़ी का विकास कर सकते हैं।

देश को वास्तविक रूप से विकसित बनाना है तो हमें सबसे बड़ी पूंजी नई पीढ़ी के बहुमुखी विकास पर ध्यान केंद्रित करना ही होगा। बच्चों को रमन जायसवाल, प्रेमपाल गंगवार, संजीव शर्मा, रवींद्र सिंह चौहान आदि ने सम्मानित किया। यहां पूर्व चेयरमैन केपी मौर्य, चेतराम गंगवार, दिनेश पांडेय, राहुल यदुवंशी, सत्यदेव यदुवंशी, गीता तोमर, शिखा आदि मौजूद रहे।

# औषधि विभाग का बड़ा एक्शन

■ बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर से 50 हजार की दवाएं जब्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिले में अवैध दवा कारोबार के खिलाफ औषधि विभाग ने गुरुवार को सख्त कार्रवाई करते हुए फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव पढ़ेरा में बिना लाइसेंस संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। टीम की अचानक कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अन्य दवा विक्रेताओं में भी हड़कंप मच गया।

गोपनीय सूचना के आधार पर औषधि निरीक्षक राजेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन भी मौजूद रहीं। जांच के दौरान पाया गया कि दीपक सिंह के नाम से मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा था, लेकिन संचालक के पास दवा बिक्री का कोई वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था।



टीम द्वारा लाइसेंस और खरीद-बिक्री से संबंधित अभिलेख मांगने पर संचालक कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि बिना अनुमति एलोपैथिक दवाओं का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था, जो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत गंभीर उल्लंघन है।

कार्रवाई करते हुए औषधि विभाग की टीम ने लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की दवाएं मौके पर ही सीज कर दीं। साथ ही पांच दवाओं के नमूने लेकर उन्हें गुणवत्ता परीक्षण हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

औषधि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में बिना लाइसेंस दवा बिक्री या अवैध भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा ऐसे अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मुकद्दस रमजान: दरगाह से मरकजी कैलेंडर 2026-27 व सहरी-इफ्तार की जंत्री जारी

■ 19 या 20 फरवरी से शुरू होगा रमजान
■ 18 फरवरी को होगा चांद देखने का एहतमाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुकद्दस महीना रमजान का आगाज 19 या 20 फरवरी को चांद के दीदार के साथ होने की उम्मीद है। रमजान को लेकर शहर की मस्जिदों, दरगाहों, खानकाहों, मदरसों और घरों में तैयारियां जोरों पर हैं। मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह के लिए हाफिजों की नियुक्ति की जा रही है, वहीं इबादतगाहों में साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम भी तेजी से चल रहा है।

18 फरवरी को चांद देखने का एहतमाम किया जाएगा। अगर चांद नजर आ जाता है या कहीं से शरई शहादत मिल जाती है तो उसी रात से नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जाएगी और 19 फरवरी को पहला रोजा रखा जाएगा। चांद नजर न आने की सूरत में 20 फरवरी से रमजान की शुरुआत मानी जाएगी। इसी सिलसिले में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने संयुक्त रूप से मरकजी कैलेंडर 2026-27 और रमजान की जंत्री (सहरी व इफ्तार के समय) जारी की। इस जंत्री में पहले रोजे से लेकर आखिरी रोजे तक सहरी और इफ्तार का मुकम्मल समय दर्शाया गया है, ताकि रोजेदारों को आसानी हो सके।

मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि जंत्री के साथ मरकजी रहने मिल्लत कैलेंडर भी जारी किया गया है, जिसमें पूरे साल के इस्लामी त्यौहारों, अहम तारीखों और देशभर में होने वाले प्रमुख उर्स की तिथियां दर्ज की गई हैं। यह कैलेंडर दीन की बुनियादी जानकारी के साथ मुसलमानों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में तैयार किया गया है।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि कैलेंडर में रोजा और इफ्तार की दुआ, सदका-ए-फित्र के मसाइल, एतिकाफ के अहकाम, नमाज-ए-ईद की तरकीब, फजाइल-ए-रमजान, नमाज-ए-तरावीह और मकरूहात-ए-रोजा समेत कई जरूरी दीनि मसाइल भी शामिल किए गए हैं। मरकजी रहने मिल्लत कैलेंडर को देश-विदेश में मौजूद अकीदमंदों और मुरीदों तक सोशल मीडिया और डाक के माध्यम से भेजा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे फायदा उठा सकें। इस मौके पर हाजी जावेद खान, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, अजमल नूरी, शाहिद नूरी, ताहिर अल्वी, शान रजा, मंजूर रजा, मुजाहिद रजा, जोहिब रजा, साजिद नूरी, इशरत नूरी, इरशाद रजा, काशिफ सुब्हानी, यूनुस गद्दी, शारिक बरकाती, सबलू अल्वी, अब्दुल माजिद, सुहैल रजा, शाद रजा, नईम नूरी, सय्यद माजिद, आलनबी, सय्यद एजाज, आरिफ नूरी, अमान रजा, हाजी अजहर बेग, अजमल रजा, समी रजा, साकिब रजा, तारिक सईद, हाजी शारिक नूरी, अरबाज रजा सहित बड़ी संख्या में अकीदमंद मौजूद रहे।

# शोषित-पीड़ितों की भाग्य विधाता है भाजपा: विनोद दिवाकर

शाह टाइम्स संवाददाता



**सेंथल।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद दिवाकर का सेंथल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। सेक्टर संयोजकों, बूथ अध्यक्षों और मोर्चा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब, कमजोर, मजदूर, शोषित, पीड़ित और दलित समाज की सच्ची हितैषी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार अनुसूचित वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा, "चाहे रोटी कम खाना पड़े, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही भविष्य संवारती है।"

विनोद दिवाकर ने संत गाडगे बाबा, संत रविदास, ज्योतिबा फुले, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और नारायण गुरु सहित महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे बाबा ने अपना जीवन सेवा, स्वच्छता और शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया।

उनका संदेश आज भी समाज को जागरूक और शिक्षित बनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# बन्द मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के कुंडरा के बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपए के सोने चांदी की जेवर और वर्तन चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने गांव के तीन लोगों पर आशंका जताते हुए घटना की तहरीर दी है। पुलिस चौकी कुंडरा कोठी के गांव कुंडरा के राजकुमार पुत्र कुन्दन लाल बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। गांव में उनके मकान में ताला लगा रहता है। बुधवार की रात उनके बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर चोर घर में रखे सोने चांदी के कई आभूषण, पीतल के वर्तन के साथ ही घर का काफी सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंचे राजकुमार ने गांव के ही तीन युवकों पर आशंका जताते हुए इसकी तहरीर कुंडरा चौकी इंचार्ज को दी है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रति जलाकर किसानों का प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में गुरुवार को क्षेत्र के किसानों ने अपने खेत में समझौते की प्रतिलिपि जलाकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले आयोजित इस विरोध कार्यक्रम में किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समझौते को किसान विरोधी बताया।

किसानों का कहना था कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते देश के कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। उनका आरोप है कि विदेशी कंपनियों को बढ़ावा मिलने से स्थानीय किसानों की फसलों के उचित दाम और बाजार व्यवस्था प्रभावित होगी। वक्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो छोटे और मझोले किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान भाकियू टिकैत के प्रदेश मीडिया प्रभारी (तराई क्षेत्र) चौधरी अजीत सिंह ने कहा कि किसान पहले ही लागत और बाजार की मार झेल रहा है, ऐसे में किसी भी ऐसे समझौते को स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिससे उसकी आजीविका पर खतरा हो। प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सुरेंद्र सिंह और प्रदेश संगठन मंत्री चौधरी सूरज पाल सिंह ने भी सरकार से किसान संगठनों से संवाद कर निर्णय लेने की मांग की। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र सिंह, प्रमोद मौर्य, संदीप सिंह, धर्मेंद्र कश्यप, तेजपाल कश्यप, रमेश मौर्य, हरीश कश्यप, चंद्रपाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अंत में किसानों ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

# अधिवक्ता की हत्या से भड़के वकील, नारेबाजी कर एसडीएम को सौंपा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** प्रदेश के जिला रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खां की दिन दहाड़े निर्मम हत्या किए जाने से पूरे अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। इस घटना के विरोध में नवाबगंज एडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया गया कि 11 फरवरी 2026 को हुई इस जघन्य वारदात से अधिवक्ता समुदाय स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। संगठन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन द्वारा एसडीएम उदित पवार को सौंपे गए ज्ञापन में हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी कर जेल भेजे जाने, आरोपियों की संपत्ति कुर्क किए जाने, अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने, प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किए जाने के साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, संगठन के सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल के साथ ही राजीव गंगवार, दुष्यन्त गंगवार, आनन्द कुमार, अशर्फी लाल गंगवार, सुरेंद्र पाल सिंह, बुद्धसेन कश्यप, निजाम हैदर जैदी, संतोष कुमारी, बेबी अंसारी, सलमा परवीन जैदी, नवी अहमद अंसारी, मो. ताहिर, मो. उमर, मो. हारून अंसारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, परौरा में गुरुवार को महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य आदेश पाल गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। निदेशक पंकज गंगवार ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास और जातिवाद के विरुद्ध सशक्त आंदोलन चलाकर नई चेतना जगाई। यहां प्रबंधक डॉ. सत्यवीर गंगवार, राजेश गंगवार, देवेश कुमार, अनुज कुमार, प्रेमप्रकाश, यशपाल, तोताराम, सुरेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाई की मारपीट में युवक घायल, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** धंतिया के मझरा खुदागंज निवासी कमल किशोर ने अपने बड़े भाई अनिल पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 10 फरवरी की शाम करीब 5:30 बजे अनिल ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्हें बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल हो गए। आरोप है कि शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने बुधवार को घायल की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कमल किशोर को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है।

### पॉपलर के पेड़ उखाड़े, महिला से मारपीट का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज की पूनम पत्नी ब्रह्म स्वरूप ने अपने जेठ रामपाल पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10 बजे रामपाल ने उनके खेत में लगे पॉपलर के पेड़ उखाड़ दिए। उस समय पूनम घर में खाना बना रही थीं। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की और पेट में लात मार दी, जिससे उन्हें अंदरूनी चोटें आईं। जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुर पर बहू से मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** गुलड़िया निवासी नीलम पत्नी वीरेंद्र ने अपने ससुर पूरन लाल पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार 9 फरवरी की शाम करीब 6 बजे उनके ससुर शराब के नशे में लकड़ी की फंटी लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए विरोध करने पर नीलम को फंटी से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों ने महिला को बचाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सेंथल में पं. दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नगर पंचायत सेंथल के तीनों सेक्टरों में बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को याद करते हुए कहा कि पं. उपाध्याय ने राष्ट्रवाद और संगठन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री उमाकांत जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम बरीर, हाफिजगंज और लाडपुर में भी श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं।

### अवैध तमंचे के साथ युवक पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बहेड़ी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान मारुफ खां पुत्र राहिद वली खां निवासी ग्राम मण्डनपुर जनूबी थाना बहेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अवैध तमंचे के बल पर लोगों में भय पैदा कर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता था और उसी से अर्जित धन से अपना जीवन यापन करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराध और अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह की गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### शादी समारोह में शराबी युवक ने किया हमला, दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव खंजनपुर खब्जानियां में शादी समारोह के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित राम बहादुर पुत्र भरे प्रसाद निवासी मनु नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रदादी लाल पुत्र चिरंजी लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल के अनुसार वह 10 फरवरी की रात अपने रिश्तेदार के गांव खंजनपुर खब्जानियां में ग्राम जगदीशपुर से आई बारात में शामिल होने गया था। रात करीब 11:45 बजे आरोपी प्रदादी लाल शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने राम बहादुर और उसके भाई भानु प्रसाद पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में राम बहादुर के सिर और बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि भानु प्रसाद के सिर में गहरी चोट और शरीर में कई जगह चोटें आईं हैं।

घटना के बाद पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल की, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोप है कि जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। गांव के लोगों के हस्तक्षेप से दोनों भाइयों की जान बच सकी। इसके बाद दोनों घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### होली के अगले दिन परीक्षा कराने पर आपत्ति

शाह टाइम्स संवाददाता



**बरेली।** होली के बाद आयोजित की जा रही कुछ विद्यालयों की परीक्षाओं को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) महानगर इकाई ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा तिथि पर पुनर्विचार की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि होली हिंदू समुदाय का प्रमुख त्योहार है और इसके अगले दिन परीक्षा आयोजित किए जाने से छात्रों और अभिभावकों को असुविधा हो सकती है। संगठन का तर्क है कि त्योहार के कारण पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रम होते हैं, जिससे विद्यार्थियों की तैयारी और उपस्थिति प्रभावित हो सकती है। पत्र के अनुसार, कुछ स्कूलों में 5 मार्च को परीक्षा निर्धारित की गई है, जबकि 4 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। विहिप पदाधिकारियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि विद्यार्थियों की भावनाओं और सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन पर महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल के हस्ताक्षर हैं। इस दौरान संजय शुक्ला, दिव्य चतुर्वेदी, कपिल चंदानी, कमलेश वर्मा, शोभित मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासन के निर्णय के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि परीक्षा तिथि में बदलाव किया जाएगा या नहीं।

### टाइट ग्राउंड पर ट्रॉमल मशीन का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा शहर में वर्षों से जमा लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए 15वें वित्त आयोग के टाइट ग्राउंड में ट्रॉमल मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने विधिवत फीता काटकर किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने कहा कि ट्रॉमल मशीन की स्थापना से शहर में लंबे समय से जमा कचरे का प्रभावी और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सकेगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद स्वच्छ और सुंदर बहेड़ी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। पालिका की अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने बताया कि ट्रॉमल मशीन के माध्यम से पुराने कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में छांटकर उसका उचित निस्तारण किया जाएगा।

# इम्पैक्ट कॉलेज में छात्र-छात्राओं व पैरेंट्स के लिए ट्रेनिंग व काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित





शाह टाइम्स

**रामपुर।** आज दिनांक 12 फरवरी 2026 को इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रामपुर में उ & उ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, बरेली, माउंट लिटेरा जी स्कूल, रामपुर एवं जी.डी. गोयंका स्कूल, नैनीताल के सौजन्य से एक विशेष प्रशिक्षण एवं काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ पैरेंट्स को भी प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पवन सक्सेना, चेयरमैन उ & उ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. उजमा कमर, डायरेक्टर उ & उ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा शर्मा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर यास्मीन जैदी द्वारा अतिथियों के स्वागत व परिचय के साथ किया गया। प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इम्पैक्ट कॉलेज समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, ताकि छात्र प्रतिस्पर्धात्मक युग में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। मुख्य ट्रेनर डॉ. उजमा कमर ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताएं पहचानने, ठएढ-2020 के नए प्रावधानों एवं करियर काउंसलिंग से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से ही सफलता सुनिश्चित होती है। मुख्य अतिथि डॉ. पवन सक्सेना ने कहा कि इम्पैक्ट कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को नई तकनीक एवं एडवांस्ड एजुकेशन से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उ & उ मीडिया की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन डॉ. सुलतान सैफी ने मुख्य अतिथि को मेमेंटो व ऑनर स्टॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यशाला में कॉलेज एम.डी. सरताज अहमद, समस्त प्रवक्तागण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं पैरेंट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा शर्मा ने किया।

# रामपुर में अधिवक्ता की हत्या, शाहबाद में वकीलों का प्रदर्शन एसडीएम को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स

**शाहबाद ।** तहसील के अधिवक्ताओं ने रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने शाहबाद के एसडीएम को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अपनी विभिन्न मांगें रखीं।अधिवक्ताओं ने मांग की कि मृतक एडवोकेट फारूक अहमद खान के परिवार को तत्काल 1.5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। इसके साथ ही, परिवार की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की घोषणा की जाए। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें कठोरतम दंड दिलाने की भी मांग की।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि दोषी असगर की समस्त चल-अचल संपत्ति की जांच की जाए और उस पर बुलडोजर कार्रवाई की जाए।अधिवक्ताओं ने पूरे देश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक न्यायालय और तहसील में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके अतिरिक्त, सभी न्यायिक परिसरों में कम से कम सब-इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बार के अध्यक्ष एडवोकेट तकरीर उर रहमान, महासचिव एडवोकेट अनोद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष खान सोहेल असरार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मारूफ अली, संयुक्त सचिव एडवोकेट दिनेश पाल, संयुक्त सचिव एडवोकेट सत्यवीर सिंह, कोषाध्यक्ष एडवोकेट रनवीर सिंह, प्रवक्ता निसारूद्दीन, मीडिया प्रभारी कमल वीर सक्सेना, कनिष्ठ संयुक्त मनोज कुमार भारती, एडवोकेट रेहान खान, एडवोकेट मासूम मियां, एडवोकेट वसीम खां, एडवोकेट शहजान खां, एडवोकेट वसीम अकरम, एडवोकेट गोसिया जमाल सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# दि न्यू अर्बन को आपरेटिंव बैंक लि. में ग्राहक गोष्ठी का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** दि न्यू अर्बन को आपरेटिंव बैंक लि रामपुर शाखा शाहबाद में हर वर्ष की भांति एक ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दि न्यू अर्बन को आपरेटिंव बैंक लि रामपुर के अध्यक्ष राजेंद्र स्वरूप भटनागर ने की। इस अवसर पर मौजूद बैंक के जीएम अवनीश कुमार भटनागर ने बैंक द्वारा ग्राहकों को प्रदान की जा रही समस्त प्रकार की सेवाओं की जानकारी देते हुए आरबीआई द्वारा बैंकों को आईएफएससी कोड प्राप्त हो जाने की भी विशेष जानकारी प्रदान की। गोष्ठी में मौजूद बैंक ग्राहकों द्वारा आरटीजीएस, मोबाइल बैंकिंग, दैनिक धनलक्ष्मी बचत योजना, माइक्रो फाइनेंस तथा अन्य सेवाओं की जमकर तारीफ की और बैंक द्वारा दिए जा रहे ब्याज दरों एवं लोन खातों में लिए जा रहे ब्याज दरों में कुछ ग्राहक हित के लिए आंशिक परिवर्तन करने का सुझाव भी दिया। अवनीश भटनागर ने किसी भी प्रकार के अंजान लिंक को ओपन न करने का सुझाव देते हुए, ग्राहकों को साइबर क्राइम से बचने का सुझाव दिया और किसी प्रकार की घटना हो जाने पर साइबर पोर्टल 1930 पर कॉल करने के साथ-साथ बैंक को भी सूचित करने का सुझाव दिया। ग्राहकों द्वारा लॉकर में रखे अपने कीमती सामानों की सुरक्षा को लेकर संशय प्रकट किया गया। जिस पर अध्यक्ष राजेंद्र स्वरूप भटनागर द्वारा उन्हें विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए विश्वास में लिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से बैंक के अध्यक्ष,जीएम, मैनेजर और समस्त स्टाफ को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस ग्राहक गोष्ठी में बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र स्वरूप भटनागर, अवनीश भटनागर के साथ-साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, महामंत्री जुबेर खान उर्फ गौरे खान, अमित चंद्रवंशी, अवधेश अग्रवाल, अभिनव गुप्ता, नीरज गुप्ता, विवेक गुप्ता, दिनेश रस्तोगी, अभय गुप्ता, पीयूष गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अनूप गुप्ता, अहतशाम अली के साथ-साथ अन्य स्टाफ में शाहबाद शाखा प्रबंधक संजय सक्सेना, कैशियर मलयराज सक्सेना, कैशियर कार्तिकेय श्रीवास्तव के साथ-साथ कल्याण राय, ध्रुव कुमार, फरजन्द अली आदि रहे।

# मसवासी में मदरसा दरसुल उलूम मे इस्लाहे मूआशरे का हुआ आयोजन कुरआन हाफिजो की हुई दस्तार बन्दी



शाह टाइम्स

**मसवासी।** नगर के मदरसा दरसुल उलूम मे इस्लाहे मुआशरे का आयोजन किया गया। जिसमे बाहर से आये उलमाओ ने मदरसे के तालिबे इल्मो की दस्तार बंदी की। ओर मदरसे के बाराह तालिबे इल्म को पगड़ी पहनाकर दस्तार बंदी कर सनद सौपी। मदरसा दरसुल उलूम मे बुधवार की रात एक जलसा मुन अकद कद किया जो कि कुरान की तिलावत व नातिया कलाम से साथ आगाज किया। जिसमे उलमाओ ने कुरआन की फजीलत बयान की उलमाओ ने ज्यादा से ज्यादा कुरान की हिफ्ज करने की सलाह दी। वही मुफ्ती अब्दुल गफूर संभली ने अपनी तकरीर मे कहा कि हर मुसलमान को अपने बच्चो को हिफ्ज कराना चाहिए जिस्से दीन दुनया मे कामयाबी मिलती है लोग हाफिजो से अदब व एहतराम से मिलते है वही अल्लाह ने भी कुरान हाफिज के दर्जे बुलन्द कर रखे है वही मुफ्ती मुनव्वर हुसैन बब्बर पुरी ने अपनी तकरीर मे फरमाया कि लोगो को अपने बच्चो को दीनी के आलीम के साथ साथ दुनयावी तालीम दिलाना चाहिए मौलाना मोहम्मद नादिर ने फरमाया कि अल्लाह हाफिज के परिवार के सात एसे लोगो को जन्नत मे दाखिल करेगा जिन लोगो के ऊपर जहन्नुम वाजिब हो चुकी होगी हम सब को चहिये कि हम अपने बच्चो को हिफ्ज कराये ओर जन्नत का हकदार बने । मुफ्ती मोहम्मद सालिम हस्सन का मझरा ने अपनी तकरीर मे कहा कि कयामत के दिन अल्लाह हाफिज को हुक्म देगा कि जहा तक तुम कुरान पड़ते चले जाओ गे वहा तक तुम जन्नत के हकदार होगे इससे लगता है कि अल्लाह की नजर मे भी हाफिज का मरतबा बडा है मदरसे के तालिबे इल्म हाफिज अबू बकर ,हाफिज इन्जामामुल हक , हाफिज शोएब हाफिज अब्दुल्लाह, हाफिज मोहम्मद राशिद, हाफिज मोहम्मद नावेद,हाफिज मोहम्मद शुएब, हाफिज मोहम्मद अजीम, हाफिज मोहम्मद खदीफा, हाफिज मोहम्मद अलताफ, हाफिज मोहम्मद रफी, हाफिज मोहम्मद शमीर, हाफिज मोहम्मद जेद, हाफिज अबू बकर, हाफिज मोहम्मद सलमान, हाफिज मोहम्मद यूनुस,सहित बाराह हाफिजो की दस्तारबंदी की गयी वही मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान मौलाना मोहम्मद सबिर मास्टर मोहम्मद अय्यूब, हाफिज इश्त्याक, मौलवी मोहम्मद हनीफ, हाफिज फुरकान डाक्टर जमीअत ओलमाए हिन्द के सदर अली अहमद स्वार मेराजुल हक, अब्दुल हक, नूर हसन , कारी सुफयान, मौलाना नसीर कारी सद्दाम हाफिज जफर,मास्टर अब्दुल हमीद, मुजफ्फर हुसैन, हबीब अहमद, मोहम्मद आसिफ, डाक्टर अतीक अहमद, डाक्टर फैजान हाफिज मोहम्मद शकील, अनवार अहमद मास्टर मोहम्मद यासीन,हाफिज मोहम्मद अय्यूब, मोहम्मद यूसुफ, कल्बे हसन, अल्ताफ, जमील अहमद सहित दर्जनो लोग शामिल रहे।

# दुष्कर्म और धोखाधड़ी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**स्वार पुलिस ने बिजारखाता से पकड़ा, कोर्ट ने भेजा जेल**



शाह टाइम्स

**स्वार।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म और धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित आरोपी गुरु उर्फ लियाकत को गिरफ्तार किया है। आरोपी को बिजारखाता से पकड़ा गया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह मामला 7 फरवरी 2026 को स्वार थाने में दर्ज किया गया था। पीड़िता ने शिकायत में बताया था कि नासिर नामक व्यक्ति ने उसे चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और उसके साथ बलात्कार कर वीडियो बना लिया। शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। इसके अलावा, एक बैग में 7 करोड़ रुपये बताकर फर्जी कूपन दिए गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि अन्य आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर मोबाइल और 5 हजार रुपये छीन लिए तथा परिवार को खत्म करने की धमकी दी। इस संबंध में थाना स्वार पर विभिन्न धाराओं के तहत नासिर और नासिर के गुरु सहित 6 लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मुकदमे में कुछ धाराओं को हटाया गया और धारा 70(1)/ 74 बीएनएस की वृद्धि की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान और अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, स्वार पुलिस ने गुरुवार को वांछित अभियुक्त गुरु उर्फ लियाकत पुत्र बशीर को बिजारखाता से गिरफ्तार किया। लियाकत मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव का निवासी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार, हेड कांस्टेबल गुलाब सिंह और कांस्टेबल सुमित कुमार शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है।

# वकील को गोली मारकर हत्या करने पर फैला आक्रोश, नारेबाजी कर प्रदर्शन

**वकील के हत्यारे क्लर्क को मृत्यु दंड और मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग**



शाह टाइम्स

**स्वार।** गुरुवार जिला पंचायत के हेड क्लर्क द्वारा बुधवार को दिन दहाड़े अधिवक्ता के गोली मारकर नृशंस हत्या करने पर क्षेत्रीय वकीलों में रोष उत्पन्न हो गया। दिन दहाड़े हुई घटना के विरोध में गुस्साए वकीलों ने निर्मम हत्याकांड की घोर निंदा करते हुए तीन दिन तक न्यायिक कार्य करने का बहिष्कार कर दिया। गुरुवार को स्वार में दोनों बारों के वकीलों ने संयुक्त रूप से जिला पंचायत रामपुर में हुई घटना का विरोध जताते हुए तहसील परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में वकीलों ने राष्ट्पति को संबोधित ज्ञापन एस डी एम अमन देओल को सौंपा। ज्ञापन में वकीलों ने हत्यारे क्लर्क को मृत्यु दंड की सजा और मृतक वकील के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिलाये जाने की माँग की है। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने उत्तर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू कराये जाने की मांग की है। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राशिद अली गोस, सचिव नौशाद आलम, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह संधू, सचिव नदीम अहमद, राशिद खां, रेहान सईद खां, दिलीप कुमार अरोरा, शकील अहमद, मोहम्मद जुनैद सैफी, राजेन्द्र नाथ गोस्वामी, जावेद अख्तर, वैभव कुमार, बृज किशोर दिवाकर, रफीक अहमद, आसिफ अंसारी, फरहत खां, मोहम्मद आरिफ, सलीम अहमद, अजहर अली, अफसर अली, आदिल, सरफराज अहमद, परवेज अख्तर, अमर पाल सिंह, अब्दुल खालिद, जीशान, मुमताज मियां, फरीद अहमद, रिजवान अहमद, नाज़िम अली, महबूब अली, एम दानिश, जुबैर अली, कमल सिंह, आदि वकील मौजूद रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री नकवी आज रामपुर में

शाह टाइम्स

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी दो दिवसीय प्रवास पर 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे रामपुर पहुंचेगें, 12.30 बजे बिलासपुर में नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय प्रमोद जौहरी के शोकाकुल परिवार से मिलेंगे, सायंकाल पार्टी के पदाधिकारियों, किसान नेताओं, जनप्रतिनिधियों से मिलेंगे। एस आई आर प्रगति पर चर्चा करेंगे। श्री नकवी 14 फरवरी को दिन में 11 बजे रठौंडा में जिलापंचायत द्वारा आयोजित ऐतिहासिक किसान मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांयकाल दिल्ली वापस जायेंगे।

# मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत सिंगनखेड़ा में संवाद महापंचायत



शाह टाइम्स

**रामपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी सैदनगर ब्लॉक के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के अंतर्गत ग्राम सिंगनखेड़ा में संवाद महापंचायत का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली खान के निज निवास पर किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, मजदूर, किसान एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने भाग लिया। महापंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर कर मजदूरों के अधिकार छीनना चाहती है। मुतिउर रहमान खां ने मजदूरी में देरी व काम घटने का मुद्दा उठाया, जबकि दुर्गेश मौर्य ने ठेकेदारी व्यवस्था से भ्रष्टाचार बढ़ने की चेतावनी दी। महापंचायत में सर्वसम्मति से मनरेगा की रक्षा के लिए गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर साहिर रजा खां, नोमान मुमताज खां, ताहिर अंजुम, मोहम्मद जकी, इमरान अली, आरिफ अल्वी, यासिर शाह खान, हामिद रजा, महबूब मियां, कुदरत, भोले सागर, रहमत अली, प्रकाश लोधी, सुमेरी तुरहा, जफर, मजीद मास्टर, छोटे बब्बू, शाह बाबू, दिवाकर, विनोद शर्मा, अशरफ अली, शरीफ अंसारी, मुबाशशिर, इसरार अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### देव-सिन्हा भारतीय टीम को लीड करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी और जापान के सेइता वतनबे दिल्ली ओपन 2026 में एक कॉम्पिटिटिव डबल्स फील्ड में हेडलाइन करेंगे, जो 16 से 22 फरवरी तक डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होगा। एटीपी चैलेंजर इवेंट में जाने-माने डबल्स स्पेशलिस्ट और सिंगल्स प्लेयर्स का एक मजबूत मिक्स है, जो ड्रॉ में गहराई और रोमांच जोड़ता है। स्वीनी और वतनबे फील्ड में ऑप-रैंक वाली जोड़ी के रूप में एंट्री करते हैं, जिनकी कंबाइंड टीम रैंकिंग 265 है। वतनबे, जो डबल्स में 127 रैंक पर हैं, स्वीनी के साथ मिलकर काम करते हैं, जो सिंगल्स में 138 पर हैं, जो टूर्नामेंट में सबसे मजबूत कॉम्बिनेशन में से एक है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व एस डी प्रज्ज्वल देव व नितिन कुमार सिन्हा करेंगे, जो मेन ड्रॉ में सबसे ऊंची रैंक वाली ऑल-इंडियन जोड़ी हैं। देव (219) व सिन्हा (243) एक अनुभवी इंटरनेशनल फील्ड के खिलाफ जाने-पहचाने घरेलू हालात का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट की महिला टीम ने जीता खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने गत विजेता दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना को कांटे के संघर्ष में सडनडेथ में 8-7 से पराजित कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। विज. ता टीम की खिलाडी यशस्वी ने प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड प्राप्त किया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस (आईजीआईपीईएसएस) और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना के बीच निर्धारित समय में मुक. ाबला 2-2 से बराबरी पर रहा था। इसके बाद टाईब्रेकर में भी दोनों टीमों ने पांच-पांच गोल कर दिए और स्कोर 7-7 हो गया।

### बेंगलुरु आईटीएफ महिला टूर्नामेंट की मेजबानी को तैयार

**बेंगलुरु, वार्ता।** नीदरलैंड्स पर डेविस कप में भारत की रोमांचक जीत के कुछ दिनों बाद, बेंगलुरु एक और मशहूर इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट - केप. ीबी ट्रस्ट आईटीएफ महिला ओपन 100 बेंगलुरु 2026 के चौथे एडिशन को होस्ट करने के लिए तैयार है। यह टूर्नामेंट, जो भारत का सबसे बड़ा आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट है, जो 15-22 फरवरी तक बेंगलुरु के एस-एम- कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा। आईटीएफ महिला 100 कैटेगरी में डब्ल्यूटीए रैंकिंग पॉइंट्स मिलते हैं और यह आईटीएफ और डब्ल्यूटीए टूर्स के बीच एक ब्रिज का काम करता है। इस इवेंट में 32-प्लेयर सिंगल्स मेन ड्रॉ, 32-प्लेयर क्वालिफाइंग ड्रॉ और 16-टीम डबल्स ड्रॉ शामिल हैं, जिसका मेन ड्रॉ 17 फरवरी से शुरू होगा। भारत की ऑप रैंक वाली महिला खिलाड़ी सहजा, देश की ऑप रैंक वाली जूनियर खिलाड़ी से होगा।

# जिम्बाब्वे की नजरें उलटफेर करने पर

● **जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा, ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना व दुनिया भर में दबदबे के साथ उतरेंगा**



**कोलंबो, वार्ता।** ग्रुप बी में सबकी नजरें अब क्लासिक डेविड बनाम गोलियथ मुकाबले पर टिकी हैं, जब शुक्रवार को यहां आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे का मुकाबला टूर्नामेंट की फेवरेट टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा।

ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत की जबरदस्त संभावना और दुनिया भर में दबदबे के साथ उतर रहा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्बाब्वे इस एडिशन का पहला बड़ा उलटफेर कर सकता है? सिकंदर रजा की टीम ने चुपचाप मोमेंटम बना लिया है। ओमान पर उनकी आठ विकेट की बड़ी जीत ने गेंद से डिसिप्लिन और बल्ले से धैर्य दिखाया। लेकिन शुक्रवार का मुकाबला एक बिल्कुल अलग चुनौती पेश करता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करना जिसमें पावर-हिटर्स, अच्छे ऑलराउंडर्स और कोलंबो के हालात के हिसाब से एक मजबूत स्पिन अटैक है। जिम्बाब्वे की उम्मीदें निडर रवैए पर टिकी होंगी। ब्रायन बेनेट, जिन्होंने पिछले गेम में 48 रन बनाए, पिछले साल उनके सबसे लगातार परफॉर्मर रहे हैं और ऑप पर अहम होंगे। अगर बेनेट और तदीवानाशे मारुमानी नई गेंद को संभालकर एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कर पाते हैं, तो ब्रेंडन टेलर, रजा और रयान बर्ल की अनुभवी तिकड़ी बीच के ओवरों में स्कोरिंग को आगे बढ़ा सकती है। असली मौका गेंद के साथ हो सकता है। ब्लेसिंग मुजराबानी और रिचर्ड नगारवा ने अपने पिछले मैच में छह विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। एक ऐसी सतह पर जिससे शुरू में स्विंग और बाद में टर्न मिलने की उम्मीद है, जिम्बाब्वे का पेस-स्पिन कॉम्बिनेशन ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक ऑप ऑर्डर की परीक्षा ले सकता है। आयरलैंड के खिलाफ थोड़ी कमजोरी दिखाने वाले मिडिल ऑर्डर को बेनकाब करने के लिए शुरुआती ब्रेकथ्रू जरूरी होंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया अभी भी मजबूत है। कप्तान ट्रैविस हेड लीडर के तौर पर पहली जीत हासिल करने के बाद आगे से लीड करने के लिए बेताब होंगे। जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन की मौजूदगी पूर्व चैंपियन को ऐसी गहराई देती है जिसका मुकाबला कुछ ही टीमें कर सकती हैं। एडम जम्पा और मैथ्यू कुहनेमन की उनकी स्पिन जोड़ी भी कोलंबो की धीमी होती पिच का फायदा उठा सकती है। प्रेमदासा की पिच ने हमेशा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को फायदा पहुंचाया है, पिछले दस में से आठ मैच बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। मैच के दिन बादल छाए रहने का अनुमान है, जिससे गेंदबाजों को शुरुआत में और मदद मिल सकती है, जिससे मुकाबले में एक और अप्रत्याशित बात जुड़ जाएगी। जिम्बाब्वे के लिए, यह सिर्फ ग्रुप-स्टेज का मैच नहीं है। यह सोच को बदलने और खुद को सिर्फ हिस्सा लेने वाले के बजाय असली दावेदार के तौर पर पेश करने का मौका है। उलटफेर टी-20 वर्ल्ड कप की धड़कन रहे हैं, और सबसे छोटे फॉर्मेट में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती। कागज पर ऑस्ट्रेलिया शायद बहुत ज्यादा पसंदीदा हो, लेकिन अगर जिम्बाब्वे खास मौकों का फायदा उठाता है।

# आचार संहिता तोड़ने पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर जुर्माना



**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर टी-20 विश्व कप 2026 ग्रुप डी के मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अचार संहिता के लेवल 1 को तोड़ने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, नबी को कोड के आर्टिकल 2-4 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के निर्देश को न मानने से जुड़ा है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर की शुरुआत में हुई, जब नबी दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के रिस्टबैंड को लेकर मैदानी अंपायरों से बात कर रहे थे। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम ऑफिशियल फटकार और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 परसेंट जुर्माना हो सकता है। मैच का अंत बहुत ही नाटकीय तरीके से हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने दो सुपर ओवर के बाद रोमांचक जीत हासिल की। खास बात यह है कि मोहम्मद नबी ने 150 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के एलीट ग्रुप में शामिल हो गए हैं।

# स्टर्लिंग के स्कैन की रिपोर्टों का इंतजार



● **आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के दौरान घुटने में लगी थी चोट**

**कोलंबो, वार्ता।** आयरलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान कैप्टन पॉल स्टर्लिंग के घुटने में लगी चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन के नतीजों का इंतजार है। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड की 67 रन की हार के दौरान एक कैच पूरा करते समय स्टर्लिंग के दाहिने घुटने में चोट लग गई थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, ओपनर ने आयरलैंड के लक्ष्य का पीछा करते हुए बैटिंग करने के लिए आने पर समस्या और बढ़ा दी और आखिरकार उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। बैटिंग कोच गैरी विल्सन ने मैच के बाद कन्फर्म किया कि स्टर्लिंग को स्कैन के लिए भेजा गया था। विल्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा नहीं लग रहा है। वह आज शाम स्कैन के लिए गए थे, इसलिए हमें कन्फर्मेशन का इंतजार करना होगा। लेकिन मैं कहूंगा कि यह आइडियल नहीं लग रहा है। विल्सन ने बताया कि स्टर्लिंग ने टीम के लिए योगदान देने की कोशिश में तकलीफ के बावजूद बैटिंग करने का फैसला किया। विल्सन ने कहा कि इसका क्रेडिट उसे जाता है। उसे पता था कि वह शायद ठीक नहीं है, और फिर भी उसने टीम के लिए काम पूरा करने की कोशिश की। बदकिस्मती से, आज रात ऐसा नहीं हो सका। यह टूर्नामेंट में आयरलैंड की दूसरी हार थी, जिससे उन्हें सुपर आठ में पहुं. चने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए ओमान और जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने बाकी ग्रुप मैचों में जीत की जरूरत थी। हालांकि, विल्सन आशावादी बने रहे, उन्होंने कहा कि आयरलैंड ने अपने शुरुआती मैचों में अच्छे संकेत दिखाए थे। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ 65.70 प्रतिशत गेम के लिए, मुझे लगा कि हम बेहतर टीम थे। बस उनकी और हमारी पारी के आखिरी पांच ओवर ऐसे थे जहां हम ठीक से तालमेल नहीं बिठा पाए। उस ड्रेसिंग रूम में बहुत टैलेंट है और बहुत ज्यादा विश्वास है।

# डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे वैभव



● **मुंबई में हर साल होने वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती हैं**

**मुंबई, वार्ता।** टीनएज सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी के मुंबई में डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट में खेलने की संभावना है। नवी मुंबई में होने वाले इस सालाना कॉम्पिटिशन में हर साल 16 टीमें हिस्सा लेती हैं, और इस सीजन में भारत का अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाला यह स्टार डीवाई पाटिल की किसी एक टीम को रिप्रेजेंट करने के लिए तैयार है। ऑर्गनाइजर आमतौर पर कॉम्पिटिशन में दो टीमें उतारते हैं। सूर्यवंशी और टूर्नामेंट ऑर्गनाइजर के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि प्लेयर की टीम से बात. चीत चल रही है और इस युवा खिलाड़ी के टूर्नामेंट में खेलने की संभावना बहुत ज्यादा है। यह आईपीएल सीजन से पहले हो रहा है, और इस साल 23 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में आमतौर पर कई इंटरनेशनल प्लेयर हिस्सा लेते हैं। सूर्यवंशी, जिन्होंने हाल ही में हरारे में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 175 रन बनाए थे, अभी नागपुर के पास तालेगांव में हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स की एक फैसिलिटी है। हरारे से आने के बाद, 14 साल का यह खिलाड़ी घर नहीं गया और इसके बजाय आईपीएल सीजन की तैयारी करने लगा। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया कि वह अभी तालेगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स का कैंप चल रहा है। कैंप 21 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद सूर्यवंशी पटना और फिर अपने होमटाउन जाएंगे। उनके शहर में एक प्रमोशनल इवेंट है। जहां उन्हें एक गाड़ी गि" ट किए जाने की उम्मीद है। लगता है यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था और उसके बाद, वह डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के लिए मुंबई आ सकते हैं। डीवाई पाटिल स्टेडियम में हर साल होने वाला डीवाई पाटिल टूर्नामेंट, देश के सबसे पुराने टी-20 कॉम्पिटिशन में से एक है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह जगह हाल ही में इंडियन और ग्लोबल क्रिकेट के हॉटस्पॉट में से एक रही है।

# पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम, फहीम को मिली रिकॉर्ड फीस

**ऑक्शन में नसीम शाह व फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीएसएल के पहले ऑक्शन में नसीम शाह और फहीम अशरफ बड़े विनर रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा कीमत मिली। 86.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में, नसीम शहर के उस पार इस्लामाबाद यूनाइटेड से इस्लामाबाद के ट्विन सिटी, रावलपिडी में बनी नई टीम में चले गए, जबकि फहीम 85 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में इस्लामाबाद यूनाइटेड लौट आए। हर टीम को रिटेंशन की संख्या आठ से घटाकर चार कर दी गई थी, इसलिए यह साफ था कि खिलाड़ियों को उनकी पुरानी टीमों ने ले लिया क्योंकि फेंचाइजी अपनी टीमों को मजबूत करना चाहती थीं। 2025 में कराची किंग्स के कप्तान, डेविड वार्नर, 79 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में फ्रेंचाइजी में लौट आए, जबकि लाहौर कलंदर्स हारिस रऊफ की सर्विस फिर से लेना चाहते थे, और उन्हें 76 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में ले लिया। उन्होंने फखर जमान को रिटेन करने के लिए और भी ज्यादा पैसे दिए, जिसके लिए उन्हें 79.5 मिलियन पाकिस्तानी रुपए देने पड़े। राइली रोसौ एक और खिलाड़ी थे जो उस टीम में वापस जा रहे थे जहां उन्होंने पहली बार पीएसएल में अपना नाम बनाया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स, जिन्हें उन्होंने 2022 में अपना एकमात्र टाइटल जीतने में मदद की थी, ने साउथ अफ्रीकन खिलाड़ी को 55 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में खरीदा, जबकि हसन अली 47.6 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में कराची लौटे। न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को नीलामी में ऊंची कीमतें मिलीं। डेरिल मिशेल ने एक जबरदस्त बोली लगाई, जिसका अंत रावलपिडी द्वारा 80. 5 मिलियन पाक रुपए में उनके लिए किए जाने के साथ हुआ, जबकि इस्लामाबाद यूनाइटेड ने इसी तरह की दिलचस्पी को रोकते हुए मार्क चैपमैन को 70 मिलियन पाक रुपए में साइन किया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, एडम जम्पा को कराची ने 45 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में साइन किया, जबकि 41 साल के पीटर सिडल को उनके हालिया बीबीएल फॉर्म के लिए 25 मिलियन पाक रुपए की डील मिली। हैदराबाद ह्यूस्टन किंग्समेन ने मार्नस लाबुशेन को डायरेक्ट साइन किया था और सैम अयूब को रिटेन किया था। वे ऑक्शन में ज्यादा कंट्रोल में थे, लेकिनपाक -अमेरिकन फ्रेंचाइजी के तौर पर अपनी ब्रांड इमेज को मजबूत करने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने हम्माद आजम और शायन जहांगीर को लिया, जो पाक में जन्मे दो खिलाड़ी हैं और अब अमेरिका को रिप्रेजेंट करते हैं।

# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक

● **ऐश्वर्य प्रताप ने निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 20 मी. राइफल थ्री पोजिशन में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता पदक**




**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां डॉ. कर्णी सिह शूटिंग रेंज में मुकाबला करते हुए, 25 साल के भारतीय निशानेबाज ने फाइनल में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग राउंड के बाद कुल 362-0 के साथ अपने खिताब का बचाव किया। कुल मिलाकर, यह एशियन चैंपियनशिप में ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर का पांचवां व्यक्तिगत निशानेबाजी पदक है। इससे पहले उन्होंने दोहा 2019 में कांस्य, चांगवोन 2023 में स्वर्ण, जकार्ता 2024 में रजत और शिमकेंट 2025 में स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भी क्लीन स्वीप किया, जिसमें नीरज कुमार ने 361-8 के साथ रजत और अखिल श्योरण ने 343.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नीरज, ऐश्वर्य और अखिल की तिकड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1769.106 स्कोर करके भारत को टीम स्वर्ण दिलाया। जापान 1754.86 के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि कजाकिस्तान ने 1748.87 के साथ कांस्य पदक जीता। नीरज 593.34 के साथ क्वालिफाइंग में शीर्ष पर रहे, उनके बाद रुद्राक्ष पाटिल (591.33) रहे, जिन्होंने रैंकिंग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) के लिए मुकाबला किया। ऐश्वर्य (588.40) क्वालिफिकेशन में तीसरे और अखिल (588.32) चौथे स्थान पर रहे। आरपीओ के लिए निशानेबाजी कर रहे निखिल तंवर ने 587.29 के साथ छठा स्थान हासिल किया। आज मिले पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की कुल संख्या 26 हो गई है। भारत ने 10 स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक जीते है।

# अमेरिका को टूर्नामेंट में रहना है, तो जीतना होगा मैच



● **संयुक्त राज्य अमेरिका को आज नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है**

**चेन्नई, वार्ता।** मुंबई में खेले अपने पहले ग्रुप मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत के सामने चुनौती पेश की लेकिन कोलंबो में पाकिस्तान की टीम उनके ऊपर हावी रही। शुक्रवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीसरी हार उन्हें सुपर-8 की दावेदारी से बाहर कर सकती है। इतिहास भी अमेरिका के पक्ष में नहीं हैं, पुरुष टी-20 में नीदरलैंड्स के खिलाफ तीनों मुकाबले में उन्हें हार मिली है। अभ्यास मैच में अमेरिका ने न्यूजीलैंड को परेशानी में डाला था लेकिन इसके बाद चोटों ने उनकी टीम को कमजोर किया है। तेज गेंदबाज अली खान ग्रोइन इंजरी से उबर रहे हैं जबकि जसदीप सिह कंधे की चोट के चलते टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो चुके हैं, उनकी जगह पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गें. दबाज एहसना आदिल को दल में शामिल किया गया है। आदिल को दूसरे मुकाबले में सीधे एकादश में जगह मिली थी लेकिन तीन ओवरों में उन्होंने 39 रन खर्च किए थे। यह देखना होगा कि अपना घुटना चोटिल कर बैठे शुभम रांजने इस मुकाबले के लिए पूरी तरह फटि हो पाते हैं या नहीं। अमेरिका अभी तक अपनी सलामी जोड़ी तय नहीं कर पाया है। साईतेजा मुक्कामल्ला को भारत के खिलाफ एक असफल पारी खेलने के बाद अगले मुकाबले से बाहर कर दिया गया। जबकि विश्व कप से पहले वह अमेरिका के सबसे सफल बल्लेबाज थे और उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 31 गेंदों पर 50 रन भी बनाए थे। नीदरलैंड्स नामीबिया के खिलाफ बास डी लीडे के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीत के बाद आत्मविश्वास से भरा होगा।

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से रौंदा

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (61), पवन रत्नायके (60) और कप्तान दासुन शनाका (50) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहत. रीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 16वें मुक. ाबले में ओमान को 105 रनों से करारी शिकस्त दी। 226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सके और लगातार विकेट गंवाते रहे। ओमान की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी और 105 रनों से मुकाबला हार गई। वसीम अली ने 20 गेंदों में तीन छक्के उड़ाते हुए 27 रन बनाए। वहीं मोहम्मद नदीम आखिर तक टिके रहे और उन्होंने 56 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए दुष्मंत चमीरा और महीश तीक्षणा ने दो-दो विकेट लिए। दुनित वेल्लालगे, दुशान हेमंता और कामिंडु मेंडिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऑमी पॉल ने आखिरी सेट का टाई-ब्रेक जीता, फ्रिट्ज की आसान जीत

● **पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और हमवतन ब्रूक्सवी को हराया**

**डलास, वार्ता।** पूर्व नेक्सो डलास ओपन चैंपियन ऑमी पॉल बुधवार को अपने ओपनर में बहुत मुश्किल में थे, लेकिन उन्होंने 2022 के फाइनलिस्ट जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर एटीपी 500 के दूसरे राउंड में जगह बना ली।

दो घंटे, 25 मिनट के मुकाबले में, पॉल ने अपने अमेरिकी हमवतन ब्रूक्सबी को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया। पांचवें सीड पॉल ने अपने फोरहैंड से 18 विनर मारे और तीसरे सेट में अपनी पहली सर्व के पीछे शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 में से 21 पॉइंट जीते। पॉल, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन में चौथे राउंड में पहुंचे थे, ने 2024 में टूर्नामेंट में ट्रॉफी उठाई थी, जब यह अभी भी एटीपी 250 था, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 28 साल के पॉल अपनी हेड2हेड सीरीज में ब्रूक्सबी से 3-1 से आगे हैं और अगले मैच में मिओमिर केकमानोविच से भिड़ेंगे। ऑप सीड टेलर फ्रिट्ज ने एक घंटे और नौ मिनट के बाद कैलिफोर्निया के अपने साथी ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-3, 6-4 से हराया। एटीपी रैंकिंग में दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 83 प्रतिशत जीते और अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज, जिन्हें मार्कोस गिरोन के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के शुरुआती स्टेज में दाहिने घुटने में दिक्कत हुई थी, ने नाका. शिमा के खिलाफ मूवमेंट में कोई रुकावट नहीं दिखाई।

क्वार्टर फाइनल में, 28 साल के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला एक और अमे. रिकी, सेबेस्टियन कोर्डा से होगा, जिन्होंने आठवीं सीड फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-1 से हराया। 25 साल के कोर्डा ने अपनी पहली सर्व के बाद सिर्फ चार पॉइंट गंवाए और 68 मिनट के बाद आत्मविश्वास से अपना बैकहैंड लगाया और आगे बढ़ गए। अमेरिकी इथन क्विन ने वाइल्ड कार्ड ट्रेवर स्वेज्डा को 7-6(3), 7-5 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए, रैंकिंग में नंबर 74 खिलाड़ी ने पहले सेट में ब्रेक डाउन से उबरते हुए, स्वेज्डा के खिलाफ अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 87 प्रतिशत (41/47) जीता, और एक घंटे 47 मिनट के बाद जीत हासिल की। क्विन दूसरे राउंड में मारिन सिलिच से खेलेंगे।

# सेरुंडोलो अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लोकल फेवरेट और ऑप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को बोलीविया के ह्यूगो डेलियन को 6-0, 7-6 (6) से हराकर अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने शुरुआती सेट में दम दिखाया और दूसरे सेट में आठ सेट पॉइंट बचाकर ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब के आउटडोर क्ले कोर्ट पर एक घंटे 24 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। 27 साल के सेरुंडोलो ने कहा कि शुरुआत में चीजें जिस तरह से हुईं, उससे मैं खुश था लेकिन फिर उसने अग्रेसिव खेलना शुरू कर दिया और यह मुश्किल हो गया। मैंने कुछ सेट पॉइंट बचाए और मैं बस आगे बढ़कर खुश हूं। सेरुंडोलो एटीपी 250 इवेंट के अगले राउंड में चेक रिपब्लिक के विट कोप्रिवा से भिड़ेंगे। कोप्रिवा ने दिन में पहले इटली के आठवें सीड मातियो

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## घूसखोर पंडित पर रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने घूसखोर पंडित फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही इसके फिल्म मेकर नीरज पाण्डेय को भी फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं किया जा सकता। भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि फिल्म घूसखोर पंडित की रिलीज पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी बताती है कि उसने याचिकाकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लिया है और माना है कि इस तरह के टाइटल समाज में वैमनस्य का कारण बनते हैं। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की बेंच कर रही है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। पीठ ने मेकर्स से साफ कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं। यह नैतिकता के खिलाफ है। हालांकि मैकर्स ने फिल्म का नाम बदलने पर सहमति जताई है। इस पर पीठ का कहना था कि जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते तब तक हम आपको इसी रिलीज करने नहीं देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश भी जारी किया है। जिसमें यह बात साबित करने के लिए कहा गया है कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचे नहीं दिखाता। असल में मेकर्स का कहना रहा है कि घूसखोर पंडित मात्र एक टाइटल है और इसका किसी व्यक्ति या समाज से लेना देना नहीं है। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी जैसे मंझु हुए अभिनेता काम कर रहे हैं। उनके अलावा नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार जुड़े हुए हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि फिल्में समाज को कहीं न कहीं से अवश्य प्रभावित करती हैं। इसलिए फिल्म मेकर्स को चाहिए कि वह इस तरह का कोई काम न करे। जिससे समाज में किसी तरह का वैमनस्य पैदा हो, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि घूसखोर पंडित कोई आज इकलौती फिल्म नहीं है जो विवादों के घेरे में है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि इस तरह की फिल्में लाई जाती हैं जो बड़े विवाद का कारण बनती हैं और समाज के एक हिस्से को प्रभावित करती हैं। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि इस तरह की फिल्मों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। छावा, कश्मीर फाइल्स, गुजरात फाइल्स आदि कई फिल्में काफी विवादों के घेरे में रहीं हैं। कई फिल्मों पर तो बवाल भी कटा। इस तरह की फिल्में वास्तव में नहीं बननी चाहिएं। सच तो यह भी है कि इस तरह की बातें सुप्रीम कोर्ट में नहीं जानी चाहिएं और जो इससे संबंधित विभाग है, यह उनके स्तर तक ही रहनी चाहिए। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस दिया है।

## किसानों, मजदूरों और श्रमिकों का भविष्य खतरे में



विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं, सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं, पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन



योगेश कुमार गोयल

आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 147वीं जयंती मना रहा है।

सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह द गोल्डन थ्रैशहोल्ड 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें भारत कोकिला कहा जाता था। उन्हें शब्दों की जादूगरनी के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था।

मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा। गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरो. जनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा। गोविन्दराजुलु के साथ हो गई।

1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था।

महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलब. ुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। भारत में प्लेग महामारी के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें 1908 में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया गया था लेकिन जलियांवाला बाग हत्याकांड से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह सम्मान वापस कर दिया था। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण लखनऊ में अपने कार्यालय में कार्य करने के दौरान उनका निधन हो गया। सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च 1949 में हुआ था। भारत सरकार द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 13 फरवरी 1964 को 15 पैसे का एक डाक टिकट जारी किया गया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



## यह विदाई बजट से भाजपा की विदाई तय!

**इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है।**



शमशाद रशीद माहीगीर

किसी भी मुख्यमंत्री के लिए यह बड़ा गौरवशाली क्षण होता है और खासकर उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री के लिए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए योगी सरकार ने एक नहीं दो नहीं कर नहीं दसवां बजट पेश किया है उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि योगी सरकार के नेतृत्व में दसवां बजट पेश किया गया है उत्तर प्रदेश का जो बजट है वह 9 लाख करोड़ से भी ज्यादा का है आप सोचिए कितना बड़ा बजट है हमारे प्रदेश का क्या है इस बजट में और सरकार के इस बजट के पीछे का विजन क्या है जो वित्त मंत्री ने विधानसभा में स्पीच बोली है उसमें तीन-चार बातें हैं। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी धन खर्च करने का वायदा किया है सड़कें बनेगी एक्सप्रेस वे बनेंगे हाईवे बनेंगे और जो भी बड़ी-बड़ी आवश्यक इमारतें होंगी उनको तैयार किया जाएगा जो हमारा मूलभूत तंत्र है ढांचा है उसको तैयार किया जाएगा आईटी इंडस्ट्री पर बड़ा जोर है उत्तर प्रदेश में डाटा सेंटर तो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर नहीं है तो सरकार ने उसके लिए बजट में प्रोविजन किया है नए एलोकेशन किए हैं फंड के ताकि उत्तर प्रदेश में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर तैयार कर सकें। खाली डाटा सेंटर की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। वह सिर्फ नाम रह गए हैं। वैसे डाटा का एक स्मार्ट गोदाम है। सरकार ने स्टार्टअप के लिए भी बड़ा फंडा लोकेट किया है। पारंपरिक मत जो है वह तो है ही शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सिंचाई का इनका एक अलग बजट होता है सब्सिडी का वह तो है ही और सरकार ने यह वादा किया है इस बार का जो बजट है लोगों को जॉब्स भी मुहैया कराई जाएगी। डायरेक्ट जॉब्स और इनडायरेक्ट जॉब्स। डायरेक्ट जॉब्स वह जो सरकारी नौकरियां मिलेगी और इनडायरेक्ट जब वह सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करेगी और उद्योग धंधे लेगी उसमें जो इनडायरेक्ट जॉब मिलेगी उसे पर भी सरकार का एक बार विधानसभा में बड़ा फॉकस रहा है। इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है



आज की डेट में मेरे अंदाज से सरकार के पास बचपन से 60000 करोड़ का कैश इस वक्त मौजूद है। सरप्लस पैसा रखा है जो अगले साल सितंबर नवंबर में बाउंसर आएगी खर्च कर लेंगे। चुनाव के लिए विपक्ष का गंभीर आरोप है सरकार बड़ी-बड़ी फिगर लेकर आती है लेकिन पैसे खर्च ही नहीं करती। यह बजट कहा जो पिछली बार विधानसभा से पास हुआ था 55 प्रतिशत खर्च हुआ है। ऐसा विपक्ष का कहना है अखिलेश यादव जी का कहना है कि यह सरकार का अंतिम बजट है अगला बजट हम पेश करेंगे यह जो बजट पेश हुआ है यह झूठ का पुलिंदा है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है यह सत्ता पर के दावे और विपक्ष के दावे की बात है आम आदमी को क्या मिला योगी सरकार ने पहला बजट 2 लाख 70000 करोड़ से शुरू किया था और यह बढ़ता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर रोक लगाता सुप्रीम कोर्ट



रजनीश कपूर

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर सख्त अंकुश लगाया है। यह फैसला उन अपराधों से संबंधित है जहां सजा की अधिकतम अवधि सात साल तक की कैद है। सतेंद्र कुमार एंटिल बनाम सीबीआई मामले में न्यायमूर्ति एम।एम। सुंदरेश और एन। कोटिस्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में गिरफ्तारी अपवाद है, जबकि नोटिस जारी करना नियम। यह निर्णय न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाएगा, बल्कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करेगा। फैसले के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि, कानूनी प्रावधानों, गिरफ्तारी की आवश्यकता और आम नागरिकों पर इसके प्रभाव परचर्चा होने लगी है। जिससे कि नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पहले समझते हैं कि यह फैसला ऐतिहासिक क्यों है। भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में गिरफ्तारी एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पुराने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार था, लेकिन इसका अक्सर दुरुपयोग होता था। विशेष रूप से कम गंभीर अपराधों में, जहां सजा सात साल से कम थी, पुलिस बिना सोचे-समझे लोगों को हिरासत में ले लेती थी। इससे न केवल जेलों में भीड़ बढ़ती थी, बल्कि निर्दोष नागरिकों का जीवन बर्बाद होता था। 2014 में अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि ऐसे अपराधों में गिरफ्तारी निश्चित नहीं होनी चाहिए। पुलिस को पहले जांच करनी चाहिए और गिरफ्तारी केवल आवश्यक होने पर ही करनी चाहिए, लेकिन अब नई व्यवस्था में, 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने इस प्रक्रिया को और मजबूत किया है। बीएनएसएस धारा 35 सीआरपीसी की धारा 41 का स्थान लेती है, जबकि बीएनएसएस धारा 35(3) सीआरपीसी की धारा 41ए के समान है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 35 भी गिरफ्तारी से संबंधित है, लेकिन मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक पहलू बीएनएसएस में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस धारा 35(1) पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार देती है, लेकिन शब्द में (may) का प्रयोग दर्शाता है कि यह विवेकाधीन है, न कि अनिवार्य। धारा 35(1)(बी) में कहा गया है कि पुलिस को विश्वास होना चाहिए कि आरोपी ने अपराध किया है और गिरफ्तारी जांच के लिए जरूरी है, लेकिन धारा 35(3) के तहत पुलिस द्वारा पहले नोटिस जारी करना अनिवार्य है, जिसमें आरोपी को पुलिस स्टेशन में हाजिर होने और सहयोग करने को कहा जाता है।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

ऐसे में यह फैसला आम नागरिकों के लिए क्या मायने रखता है? सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि अब पुलिस की मनमानी कम होगी। पहले, छोटे-मोटे अपराधों जैसे धोखाधड़ी, मारपीट या संपत्ति विवाद में लोग रातोंरात जेल में डाल दिए जाते थे, जिससे उनका करियर, परिवार और सम्मान प्रभावित होता था। लेकिन अब, नोटिस मिलने पर नागरिक पुलिस के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, बिना हिरासत में लिए। इससे जेलों में अनावश्यक भीड़ कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में जेलों की क्षमता से 130: अधिक कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश विचाराधीन हैं। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूत करता है। महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि वे गिरफ्तारी के दौरान अधिक शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन इस फैसले का असली लाभ तभी मिलेगा जब नागरिक अपने अधिकारों से अवगत होंगे। आम आदमी को पता होना चाहिए कि यदि अपराध सात साल से कम सजा वाला है, तो पुलिस सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकती। ऐसे में आपको नोटिस मिलने पर आप क्या करें? सबसे पहले, नोटिस को ध्यान से पढ़ें, इसमें अपराध का विवरण, हाजिर होने की तारीख और समय होता है। एक वकील से सलाह लें और पुलिस स्टेशन जाएं। यदि आप जांच में पुलिस का सहयोग करते हैं, तो गिरफ्तारी की संभावना कम है। यदि पुलिस बिना नोटिस गिरफ्तार करने की कोशिश करे, तो आप इसे कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को चेतावनी दी है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिकारी दंडित हो सकते हैं। नागरिकों को यह भी जानना चाहिए कि बीएनएसएस में इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (जैसे व्हाट्सएप) अमान्य हैंय नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक से ही दिया जाना चाहिए। हालांकि, इस फैसले की कुछ सीमाएं भी हैं। गंभीर अपराधों (सात साल से अधिक सजा वाले) में गिरफ्तारी अभी भी आसान है और पुलिस दुरुपयोग कर सकती है। जांच की गुणवत्ता में सुधार के बिना, अपराधी बच सकते हैं। फिर भी, यह न्यायिक सक्रियता का उदाहरण है, जो पुलिस सुधार की दिशा में एक कदम है। सरकार को पुलिस प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र की मजबूती है, जहां नागरिक पुलिस से डरें नहीं, बल्कि सहयोग करें। हर नागरिक को अपने अधिकार जानने चाहिए, गिरफ्तारी कोई सजा नहीं, बल्कि जांच का हिस्सा है। यदि हम जागरूक होंगे, तो न्याय व्यवस्था अधिक निष्पक्ष बनेगी। यह फैसला हमें याद दिलाता है कि कानून सबके लिए समान है और स्वतंत्रता हमारा मौलिक हक।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बांग्लादेश में बीएनपी बहुमत के करीब, 120 सीटें जीतीं

## वोटिंग हुई, जमात गठबंधन के खाते में 38 सीटें आ रही, बहुमत प्राप्त करने के लिए 150 का आंकड़ा हासिल करना जरूरी

**एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत**

**जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा: अगर चुनाव निष्पक्ष हुए, तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी**

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती नतीजे के मुताबिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 120 सीटें जीत ली हैं। वहीं जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन के खाते में 38 सीटें आई हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान दोनों सीटों से जीत गए हैं।

बहुमत के लिए 150 सीटें जरूरी हैं। 299 सीटों पर हुए चुनाव में दोपहर 2 बजे तक 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर 47.91 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, बीएनपी चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नाहिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे। इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दूसरी तरफ पूर्व पीएम शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। साथ ही यूनुस से इस्तीफा भी मांगा हैं। जमात- ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी। बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। चुनावी नतीजों में बीएनपी बहुमत की तरफ बढ़ रही है। पार्टी ने 299 में से 120 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। बहुमत के लिए 150 का आंकड़ा जरूरी है। जमात-ए-इस्लामी के चीफ शफीकुर रहमान ने कहा है कि उनकी पार्टी चुनाव के नतीजे स्वीकार करेगी, चाहे अन्य दल करें या नहीं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कहा कि देशभर से शुरुआती नतीजे आने शुरू हो गए हैं, लेकिन रात करीब 11 बजे तक तस्वीर और साफ हो सकती है।

बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान ने ढाका-17 और बोगरा-6 दोनों सीटों से जीत दर्ज की है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी सूत्रों ने उनकी जीत की पुष्टि की है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी ने दावा किया है कि गुरुवार को हुए चुनाव में 36 सीटों पर जीत दर्ज की है। पार्टी ने फेसबुक पेज पर पोस्ट कर अनौपचारिक नतीजों का ऐलान किया। जमात ने पर विजयी उम्मीदवारों की सूची भी जारी की है। रंगपुर-5 से जमात के उम्मीदवार गोलाम रब्बानी विजयी घोषित हुए हैं। रंगपुर-1 सीट पर भी जमात के उम्मीदवार मोहम्मद रायहान सिराजी ने जीत हासिल की। वहीं लालमोनिरहाट-3 सीट से बीएनपी के उम्मीदवार अहसान हबीब दुलु ने जीत दर्ज की। पटुआखाली-4 सीट पर बीएनपी के उम्मीदवार ए.बी.एम. मोशर्रफ ने जीत हासिल की। इस सीट पर मुकाबला कड़ा माना जा रहा था। वहीं कुरिग्राम-4 सीट पर जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोस्ताफिजुर रहमान ने जीत दर्ज की। ढाका-15 सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार और पार्टी चीफ डा. शफीकुर रहमान अपने ही बूथ पर 5 वोटों से हार गए। हालांकि वे अपनी सीट पर पूरे बढ़त बनाए हुए हैं। मोनिपुर हाई स्कूल मतदान केंद्र पर डा. शफीकुर रहमान तराजू चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे थे। इस बूथ पर उन्हें 560 वोट मिले। उनके खिलाफ लड़ रहे बीएनपी उम्मीदवार शफीकुल इस्लाम खान को 565 वोट मिले। इस बूथ पर कुल 1,147 मतदाता हैं। हालांकि इससे पहले ढाका-15 सीट के 17 बूथ के नतीजे घोषित किए गए थे। उन सभी बूथ पर शफीकुर रहमान आगे रहे। इन 17 केंद्रों में उन्हें कुल 10,046 वोट मिले। इन 17 केंद्रों में उन्हें कुल 10,046 वोट मिले। पूरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतिम और आधिकारिक नतीजों का इंतजार किया जा रहा है।



### बांग्लादेश के प्रमुख नेताओं ने डाला अपना मत

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने गुरुवार को गुलशन मॉडल हाई स्कूल और कॉलेज में अपना मत डाला। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बहुप्रतीक्षित चुनाव लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करेगा। रहमान ने कहा कि बंगलादेशी नागरिक स्वतंत्र रूप से मतदान करने के अवसर के लिए एक दशक से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से किसी भी 'साजिश' को विफल करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। बीएनपी ने रात भर कुछ क्षेत्रों में 'अवांछनीय घटनाओं' की खबरें मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर अपना विश्वास भी जताया। उन्होंने कहा कि यदि पूरे बंगलादेश के लोग दिन भर बाहर आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सकता है। मैं आशावादी हूं, दृढ़ता से आशावादी हूं।

### चुनाव से ठीक पहले हिंदू युवक की हत्या चाय बागान में मिली खून से लथपथ लाश

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मौलवीबाजार जिले से सामने आया है, जहां आम चुनाव से महज एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव मिलने के बाद से इलाके मे तनाव का माहौल है। इस घटना ने वहां के अल्पसंख्यक समुदायों में डर और चिंता बढ़ा दी है। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे और वह खून से लथपथ था। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार, द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लोगों ने बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे चाय बागान के अंदर उसकी लाश देखी, जहां कर काम करता था। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। रतन के साथ काम करने वाले लोगों का आरोप है कि उसे किसी दूसरी जगह मारा गया और फिर लाश को बागान में फेंक दिया गया। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाटो में अपना खर्च बढ़ाएं यूरोप, कनाडा: मार्क रट

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रट ने यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों से 'रक्षा व्यय और औद्योगिक उत्पादन' बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा है कि अमेरिका गठबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन उसका रणनीतिक ध्यान अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर अधिक केन्द्रित हो रहा है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, रट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि चर्चा का मुख्य केन्द्र हेग शिखर सम्मेलन में लिए गए।

### तीसरी बार कोसोवो के प्रधानमंत्री बने अल्बिन कुर्ती

**बेलग्रेड।** कट्टरपंथी सेल्फ- डिटरमिनेशन मूवमेंट (एलवीवी) के नेता अल्बिन कुर्ती को स्वयं-घोषित कोसोवो की संसद ने मार्च 2021 के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री कुर्ती के नेतृत्व वाले स्वनिर्धारण आंदोलन (एलवीवी) ने 28 दिसम्बर को कोसोवो में हुए अचानक संसदीय चुनाव में निर्णायक जीत हासिल की। संसदी चुनाव के बाद बुधवार (11 फरवरी) को एलवीवी की अल्बुलेना हाक्सियू को अध्यक्ष चुना गया।

### सूडान में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत

**खार्तूम।** उत्तरी सूडान के नाइल नदी प्रांत में यात्री नौका के डूबने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। सूडान के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार लकड़ी की नाव तैयबा अल-खावद और दैम अल-कराई गांवों के बीच यात्रा कर रही थी और उसमें महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों समेत 27 से अधिक यात्री सवार थे। उच्च लहरों के कारण नाव पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा इकाइयां मौके पर पहुंचीं। अब तक 15 से अधिक शव बरामद किये जा चुके हैं।

### सीरिया ने अमेरिका से अपने नियंत्रण में लिया अल-तन्फ़ सैन्य बेस

**दमिश्क।** सीरिया की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा पर अल-तन्फ़ सैन्य बेस से अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के हटने की पुष्टि करते हुए कहा कि सीरियाई सेना की इकाइयों ने इस ठिकाने पर कब्जा कर लिया है। सीरिया के रक्षा अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि सीरियाई और अमेरिकी पक्षों के बीच सहमति के बाद उन्होंने इस सैन्य बेस को अपने काबू में लिया।

# इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम

## रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ स्टोरी': वैक्यूम बमों से तापमान 3500 डिग्री पहुंचा, हजारों इंसान भाप बनकर गायब हुए

**वाशिंगटन।** इजरायल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजरायल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2842 ऐसे फलस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फलस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं। एक मां, यासमीन महानी, ने अपनी आपबीती सुनाई। 10 अगस्त 2024 को गाजा सिटी के अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद वह अपने बेटे साद को ढूंढ रही थीं। उन्हें वहां अपने पति तो मिल गए, लेकिन बेटे का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मस्जिद में उन्हें जमीन पर मांस और खून बिखरा मिला, लेकिन दफनाने के लिए बेटे का कोई हिस्सा तक नहीं मिला। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यासमीन जैसी हजारों माताएं आज भी अपने बच्चों को अस्पतालों और मुर्दाघरों में तलाश रही हैं। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 72,000 से ज्यादा बताई जा रही है। मानवाधिकार संगठनों ने इजरायल पर युद्ध अपराधों के आरोप लगाए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे बमों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों में करना बहुत गंभीर मामला है। इजरायली हमले से गाजा की लगभग 90 प्रतिशत इमारतें खंडहर हो चुकी हैं। एमके-84 'हैमर': करीब 900 किलो का बम, जो 3500 डिग्री तक तापमान पैदा कर सकता है। इसका दबाव और गर्मी शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। बीएलयू-109 बंकर बस्टर: यह मजबूत ढांचे में घुसकर अंदर फटता है और बंद जगहों में आग का बड़ा गोला बनाता है। जीबीयू-39: इसे सटीक निशाना लगाने वाला ग्लाइड बम बताया गया है। अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद इसके टुकड़े मिलने की बात कही गई है। इन हथियारों को एयरोसोल या वैक्यूम बम भी कहा जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनका असर इतना भीषण होता है कि इमारत बाहर से ज्यादा खराब नहीं दिखती, लेकिन अंदर मौजूद हर चीज जलकर राख हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा।




**इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं**

# 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे ऋषि सुनक

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑल: रीइमेजिनिग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे।

सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों राष्ट्रों की प्राथमिकता को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जो नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है।

**इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया**



ढाका। बांग्लादेश में देश के 13वें संसदीय चुनाव के दौरान मतदान करते बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस।

### वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अपने आधिकारिक आवास मिराफ्लोरेस पैलेस में अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से मुलाकात कर द्विपक्षीय ऊर्जा एजेंडे की समीक्षा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक में वेनेजुएला की ऊर्जा संप्रभुता और द्विपक्षीय रिश्तों के नीतिगत ढांचे में 'दोनों देशों के लिए फायदेमंद ऊर्जा एजेंडे' पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसमें अमेरिका की चार्ज डी' अफेयर्स लॉरा डोगू, वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला एसए के अध्यक्ष हेक्टर ओब्रेगॉन और अमेरिका में वेनेजुएला के कूटनीतिक प्रतिनिधि फेलिक्स प्लासेंसिया भी मौजूद थे।

# ईरान के साथ बातचीत जारी रहेगी: ट्रम्प

## मैंने इजरायल के पीएम नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की: राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता इस बात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए जारी रहेगी कि क्या परमाणु हथियारों को लेकर कोई समझौता किया जा सकता है। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के तुरंत बाद दिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि मैंने अभी-अभी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात पूरी की है। ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं। यदि समझौता हो सकता है, तो मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि यही मेरी प्राथमिकता होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें देखना होगा कि आगे क्या परिणाम निकलता है। उन्होंने कहा कि बैठक में गाजा और पूरे क्षेत्र में हो रही प्रगति पर भी चर्चा हुई। नेतन्याहू बुधवार सुबह व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन से होते हुए पहुंचे और बिना किसी संवाददाता सम्मेलन या आधिकारिक बयान के रवाना हो गए। दोनों नेताओं के बीच यह ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान सातवीं मुलाकात थी, जो करीब तीन घंटे तक चली। बैठक से पहले नेतन्याहू ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की और औपचारिक रूप से 'शांति बोर्ड' का सदस्य बनने पर सहमति दी, जिसे इजरायली संसद में विवादास्पद पहल बताया जा रहा है। अमेरिका रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने कहा था कि वह राष्ट्रपति ट्रम्प के समक्ष ईरान से वार्ता के सिद्धांतों को रखेंगे, जो न केवल इजरायल बल्कि पश्चिम एशिया में शांति और सुरक्षा चाहने वालों के लिए अहम हैं। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, वह चाहते हैं कि वार्ता में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सीमाएं लगाई जाएं और हमास तथा हिजबुल्लाह जैसे संगठनों से उसके संबंधों में कटौती शामिल हो। ट्रम्प ने मंगलवार को फॉक्स बिजनेस नेटवर्क को दिए साक्षात्कार में कहा था कि समझौता अच्छा होना चाहिए। कोई परमाणु हथियार नहीं, कोई मिसाइल नहीं। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने तेहरान में 1979 की इस्लामी क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि पश्चिम द्वारा खड़ी की गई 'अविश्वास की दीवार' अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में बाधा बन रही है।



**ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं**

# किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

## बीजिंग दौरे पर पिता के साथ दिखी थीं, पब्लिक प्रोग्राम्स में भी नजर आ रही

**सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों' को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई। किम जू ऐ सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान पिता किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे-विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है। दक्षिण कोरिया के सांसद ली सोंग-क्वेन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि एनआईएस पहले जू ऐ को 'उत्तराधिकारी बनने की ट्रेनिंग ले रही' बता चुकी है। अब एजेंसी का मानना है कि वह 'औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित' किए जाने के चरण में पहुंच गई हैं। ली ने कहा, किम जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिखी हैं। वह कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई और कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन भी गईं। कुछ सरकारी नीतियों पर उनकी राय सामने आने के संकेत भी मिले हैं। इन सब बातों को देखते हुए एनआईएस मानती है कि अब उन्हें उत्तराधिकारी के तौर पर नामित कर दिया गया है।



**हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं**

